mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-07 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

सतना

07 जनवरी 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



फिर आई युजवेंद्र ... @ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### शेख हसीना के खिलाफ यूनुस सरकार का शिकंजा

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 11 अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आईसीटी ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, उनमें सेना के पूर्व जनरल और एक पूर्व पुलिस प्रमुख भी शामिल है। इन लोगों पर, जबरन लोगों को गायब किए जाने की घटनाओं में कथित भूमिका के लिए मुकदमा



चलाया गया है। यह हसीना के खिलाफ आईसीटी द्वारा जारी किया गया दूसरा गिरफ्तारी वारंट है। पिछले वर्ष अगस्त में सरकार विरोधी प्रदर्शनों और अवामी लीग की सरकार गिरने के बाद हसीना ने भारत में शरण ली थी। न्यायाधिकरण ने अब तक हसीना के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए हैं। आईसीटी के एक अधिकारी ने कहा, '' न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मजुमदार ने अभियोजन पक्ष की याचिका पर सुनवाई के बाद यह गिरफ्तारी वारंट जारी किया। '' पुलिस महानिरीक्षक को आदेश दिया गया कि वो हसीना सहित बारह लोगों को गिरफ्तार करें और 12 फरवरी को न्यायाधिकरण के समक्ष पेश करें। हाल ही में बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है।

### रूस ने यूक्रेन में एक और शहर पर कब्जा करने का किया दावा

**कीव (एजेंसी)।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि रूसी सैनिकों ने पूर्वी



यूक्रेन में महीनों तक चली लड़ाई के बाद महत्वपूर्ण शहर कुराखोव पर कब्जा कर लिया है। कुराखोव पूर्वी सीमा रेखा पर यूक्रेनी सेना के लिए एक महत्वपूर्ण गढ़ है। इसमें एक औद्योगिक क्षेत्र और एक ताप विद्युत संयंत्र है। यह पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन को जोड़ने वाले राजमार्ग पर स्थित है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लगभग तीन साल पूरे होने के बीच रूस ने यह दावा किया है। हालांकि, इस दावे को लेकर कीव की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक दिन पहले ही रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि यूक्रेनी सेना ने रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में नया आक्रमण शुरू किया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो सप्ताह बाद शपथ लेने के मद्देनजर युद्ध में अनिश्चितता नजर आ रही है। किसी भी संभावित शांति वार्ता से पहले युद्ध क्षेत्र में बढ़त बनाने के लिए दोनों पक्षों द्वारा प्रयास तेज हो गए हैं। ट्रंप ने युद्ध को समाप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी योजनाओं का विवरण नहीं दिया है, लेकिन व्हाइट हाउस में उनकी उपस्थिति से युद्ध की स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपने सहयोगियों से हवाई सुरक्षा को और पुख्ता बनाने में मदद की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे।

## इंडिया गेट का नाम बदलकर 'भारत माता द्वार' करने की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने दिल्ली के इंडिया गेट का नाम बदलने की मांग की है। उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और कहा है कि इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार किया जाए। ये भारत के शहीदों क़ो सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। जमाल सिद्दीकी ने पीएम मोदी को लिखे लेटर में लिखा, %आपने नेतृत्व में भारत के 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों के दिल में राष्ट्र प्रेम एवं भारतीय संस्कृति के प्रति प्यार में समर्पण की भावना बढ़ी हैं। जिस प्रकार से आपके कार्यकाल में मुगल आक्रांता एवं लुटेरे अंग्रेजों द्वारा दिए गए घाव को भरा गया है एवं गुलामी के दाग को धोया है, इससे पूरे भारत में खुशी है। महोदय आपने क्रूर मुगल औरंगज़ेब के नाम पर बनी रोड का नाम बदलकर ए.पी.जे. कलाम रोड किया, इंडिया गेट पर लगे किंग जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटाकर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति लगाई एवं राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करके भारत की संस्कृति से जोड़ा है। उसी प्रकार से इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करने की कृपा करें। इंडिया गेट को भारत माता द्वार करने से उस स्तंभ पर दर्ज हज़ारो शहीद देशभक्तों के नाम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरे प्रस्ताव पर विचार कर भारत माता द्वार करने की कृपा करें। धन्यवाद।%

**यूथ कांग्रेस ने बीजेपी नेता के आवास पर पोती कालिख**

## बीजेपी नेता बिधूड़ी के बयान से भावुक हुईं दिल्ली की सीएम आतिशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के विवादित बयान के बाद हंगामा मचा हुआ है। वहीं एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम आतिशी भावुक हो गईं। इस बीच यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने साउथ एवेन्यू स्थित रमेश बिधूड़ी के घर के गेट पर कालिख पोत दी है। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रमेश बिधूड़ी के गेट पर महिला विरोधी लिखा हुआ है। बता दें कि हाल ही में बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ने रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के उपनाम को लेकर टिप्पणी करके एक और विवाद खड़ा कर दिया। रोहिणी में भारतीय जनता पार्टी की 'परिवर्तन रैली' को संबोधित करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी ने अपना उपनाम 'मार्लेना' से बदलकर 'सिंह' कर लिया है।




रमेश बिधूड़ी ने आरोप लगाया, ''वह मार्लेना (आतिशी द्वारा पहले इस्तेमाल किया जाने वाला उपनाम) से सिंह बन गईं, उन्होंने नाम बदल लिया। केजरीवाल ने अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि भ्रष्ट कांग्रेस के साथ नहीं जाउंगा, (और अब) मार्लेना ने पिता बदल लिया। पहले वह मार्लेना थीं, अब वह सिंह बन गई हैं। यह उनका चरित्र है।'' बता दें कि रमेश बिधूड़ी पहले भी अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा के खिलाफ भी विवादित बयान दिया था, जिसके बाद उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था।

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके नेताओं ने ''बेशर्मी'' की सारी हदें पार कर दी हैं। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा नेता दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को गालियां दे रहे हैं। दिल्ली के लोग एक महिला मुख्यमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिल्ली की सभी महिलाएं इसका बदला लेंगी।'' आप ने एक बयान में कहा कि बिधूड़ी की एक महिला मुख्यमंत्री के खिलाफ ''अपमानजनक टिप्पणी'' ने भाजपा की ''महिला विरोधी'' मानसिकता को उजागर किया है। आप ने कहा, ''अगर वह अभी इस तरह का व्यवहार करते हैं, तो कल्पना करें कि अगर वह गलती से विधायक बन गए, तो आम महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार होगा।''

## एक मकान में पति-पत्नी और बच्चों के मिले शव, 2 साल की एक मासूम भी शामिल



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एक मकान में पति-पत्नी और बच्चों के मिले शव, 2 साल की एक मासूम भी शामिल

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आरएमवी सेकेंड स्टेज में एक किराए के घर में परिवार के सभी चार सदस्यों का शव बरामद हुआ है। मृतकों में एक पुरुष, महिला और दो बच्चे शामिल हैं। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के मूल निवासी थे। मृतकों की पहचान अनूप कुमार (38 वर्ष)- सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट के रूप में निजी कंपनी में कार्यरत थे। राखी (35 वर्ष)- अनूप कुमार की पत्नी। 5 वर्षीय लड़की- अनूप और राखी की बेटी। 2 वर्षीय लड़का - अनूप और राखी का बेटा। घटना की सूचना मिलने के बाद सादाशिवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने मौत की वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## 'लालू यादव हताश हैं, वे अपने बेटे को ही सीएम बनते हुए देखना चाहते हैं,

**बोले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह**

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के पूर्व सीएम और आरजेडी नेता लालू यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, लालू यादव हताश हैं, वे अपने जीवन में ही अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने हार स्वीकार ली है, वे चाहते हैं कि नीतीश कुमार फिर से उन्हें बैतरनी(नदी) पार करा दें, इसीलिए वे बार-बार नीतीश कुमार, नीतीश कुमार कह रहे हैं लेकिन नीतीश कुमार उन्हें कई बार मना कर चुके हैं।

वायरल वीडियो में भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के कथित बयान पर भी गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, रमेश बिधूड़ी ने जो कहा, उसके लिए उन्होंने अपनी गलती मानी। क्या कांग्रेस के मुंह में दही जम गया था, जिस समय लालू यादव ने हेमा मालिनी को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। अंतर बस यही था कि वे नेहरू खानदान में पैदा नहीं हुईं।

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अपने बयानों की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। गुजरात के सूरत में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गिरिराज ने गांधी परिवार पर निशाना साधा था और अजमेर में कोर्ट के सर्वे के आदेश पर भी बयान दिया था। गिरिराज ने कहा



था कि प्रियंका गांधी के आने से बीजेपी के लिए कोई चैलेंज नहीं है। पूरा खानदार आ जाए, तो भी हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। न वह देश के लिए चैलेंज है और ना हमारी पार्टी के लिए चैलेंज है। गिरिराज ने कहा था, देश का दुर्भाग्य रहा कि नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे, अगर सरदार पटेल होते तो आज किसी को कोर्ट में जाकर सर्वे के लिए अर्जी नहीं देनी पड़ती। तुष्टिकरण की नीति के कारण नेहरू ने पूरे झंझट लगाने का काम किया। ऐसी मस्जिदों को पहले ही हटा दिया होता तो ये नौबत ही नहीं आती। कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया, जो कानून को नहीं मानने वाले है वही संभल की घटना और अजमेर चाहते हैं।

## मां-पिता पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

**हैवान बना बेटा, चाकू से भी किया हमला**

**महराजगंज (एजेंसी)।** कहते हैं कि घर में जब बेटा पैदा होता है तो एक पिता सोचता है कि अब उसका बुढ़ापा आराम से कटेगा क्योंकि घर की जिम्मेदारी आगे चलकर उसका बेटा संभाल लेगा। लेकिन यही बेटा अगर अपने पिता और मां दोनों को रुपयों के लालच में मारने की कोशिश करे तो मां-पिता के दिल पर क्या गुजरेगी? यूपी के महराजगंज से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने रुपयों के लालच में अपने माता-पिता पर पेट्रोल डालकर उन्हें आग लगा दी और उन पर चाकू से भी हमला किया।मामला यूपी के महराजगंज जिले के घुघुली थानाक्षेत्र के रामपुर बल्डीहा का है। यहां देर रात हुए घरेलू विवाद में बड़े पुत्र ने अपने माता-पिता पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और चाकू से गोदकर जान से मारने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, घुघुली थानाक्षेत्र के रामपुर बलडीहा निवासी सुदर्शन ( 65 ) व पत्नी प्रभावती ( 60 ) के चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सभी की शादी



हो गई है। बीते कुछ माह पहले दंपति की करीब 50 डिसमिल से ज्यादा भूमि घुघुली वाया आनंदनगर प्रस्तावित रेलवे रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की गई है। रेल लाइन समिति के द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा करीब 87 लाख रुपए दिया गया है। पीड़ितों ने बताया कि मुआवजे में मिली धनराशि को उक्त दंपति ने अपने चार पुत्रों में करीब 10 - 10 लाख रुपए और दोनों पुत्रियों में करीब तीन-तीन लाख रुपये बांट दिया है। बाकी की शेष राशि दंपति ने अपने जीवन यापन के लिए अपने खाते में बचाकर रखे हैं।बड़ा पुत्र राधेश्याम (50) कुशीनगर जनपद के पिपरा थानाक्षेत्र के बरवापट्टी में अपने ससुराल में रहता है। राधेश्याम आए दिन अपने माता-पिता से और पैसे की मांग करता था, जिसको लेकर आए दिन घर में विवाद होता रहता था। बीती रात राधेश्याम अपने साथ पेट्रोल व चाकू लेकर घुघुली थानाक्षेत्र के रामपुर बल्डीहा अपने घर पहुंचा और घर के बाहर सो रहे अपने पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

## संबित पात्रा ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

**भारतीय जनता पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस, केजरीवाल के घर का मुद्दा उठाया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। अब बीजेपी की तरफ से संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा और केजरीवाल के घर का मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने समझाया कि मुख्यमंत्री आवास बनाने में कैसे दिल्ली सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया और नियमों को ताक पर रखकर सीएम के लिए लग्जरी घर का निर्माण किया। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से बताया कि कैसे घर की लागत समय के साथ बढ़ती गई और जब घर बनकर तैयार हुआ तो उसकी लागत बहुत ज्यादा हो चुकी थी। संबित पात्रा ने बताया कि इस घर के तीनों फ्लोर में एक-एक किचन बनाया गया। इसकी वजह से लाखों रुपये का खर्च बढ़ गया। उन्होंने कैग की रिपोर्ट




का हवाला देते हुए बताया कि कैसे घर की अनुमानित लागत कुछ और थी, लेकिन जब घर बनकर तैयार हुआ तो उसकी असली लागत काफी ज्यादा थी। इसमें उचित और अनुचित दोनों तरीके से पैसा खर्च किया गया।

**लग्जरी चीजों पर हुआ खर्च:** संबित पात्रा ने बताया कि इस घर में लाखों रुपये खर्च करके मिनी बार बनाया गया था। इसके साथ ही घर में सिल्क कारपेट भी बिछाया गया। इस घर में स्टॉफ ब्लॉक और कैंप ऑफिस बनाने के लिए भी करोड़ों रुपये का खर्च हुआ। उन्होंने बताया कि काम पूरा होने से पहले ही कॉन्ट्रैक्टर को पूरा पैसा दे दिया गया। केजरीवाल ने आठ सर्वेंट क्वार्टर के लिए भी पैसा निकलवाया था, लेकिन उसे खर्च अपने घर में किया। उनके घर में आठ बेडरूम, तीन मीटिंग रूम और 12 टॉयलेट थे।

संबित पात्रा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने असली योजना में कम पैसा खर्च किया, लेकिन उन्हीं योजनाओं के विज्ञापन में दिल कोलकर पैसा लुटाया। उन्होंने बताया कि बच्चों को बिजनेस से जोड़ने के लिए 54 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। प्रोग्राम का नाम था बिजनेस ब्लास्टर्स। इसके विज्ञापन पर पांच गुना ज्यादा पैसा खर्च किया गया।

54 करोड़ के प्रोग्राम के विज्ञापन पर 80 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वहीं, देश के मेंटर नाम के प्रोग्राम में एक करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन इसके विज्ञापन में 28 करोड़ रुपये लुटा दिए गए। पराली मैनेजमेंट के लिए दिल्ली सरकार ने 77 लाख रुपये खर्च किए। इसके विज्ञापन में 24 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इन विज्ञापनों के बारे में बताते हुए संबित पात्रा ने अरविंद केजरीवाल को विज्ञापन बाबा नाम दिया।

## संभल की 'पत्थरबाज लेडी' गिरफ्तार, पुलिस पर छत से फेंक रही थी पत्थर

**संभल (एजेंसी)।** जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हंगामा हो गया था। इस हंगामे के दौरान पुलिस की टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव भी किया था। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हंगामे के दौरान कुछ महिलाओं ने भी पुलिस की टीम पर पथराव किया था।



उस दौरान पुलिस ने एक वीडियो भी बनाया था, जिसमें एक महिला छत पर से पुलिस के ऊपर पथराव कर रही थी। अब वीडियो के आधार पर पुलिस ने महिला की पहचान की है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी करके महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

संभल में हुई हिंसा के दौरान एक मकान की छत से पुलिस पर पथराव करने वाली महिला पत्थरबाज को नखासा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पथराव के दौरान पुलिस ने वीडियो बनाया था और अब उसी वीडियो से महिला की पहचान हुई है। बता दें कि संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के विरोध में हिंसा हुई थी। इस दौरान हजारों की भीड़ ने सड़क पर उतरकर पुलिस पर पथराव, फायरिंग और वाहनों में आगजनी की थी। इस दौरान महिलाओं ने भी छतों से पुलिस पर पथराव किया था।

## नागा साधओं की रहस्यमयी दुनिया के बीच एक दस साल का बच्चा



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेले में हजारों की संख्या में नागा साधु हिस्सा लेते हैं। नागाओं के प्रवेश के साथ ही प्रयागराज में भी माहौल जीवंत हो चुका है। नागा साधओं की रहस्यमयी दुनिया को

**● 10 साल से कम उम्र का बच्चा नागा साधुओं की वेशभूषा में**

देखकर हर व्यक्ति ही अचंभित और आश्चर्यचकित होता है। इसी बीच नागा साधुओं के पंचायती अटल अखाडे से एक ऐसी तस्वीर सामने आयी है जो सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दरअसल इस तस्वीर में एक 10 साल से कम उम्र का बच्चा नागा साधुओं की वेशभूषा में नजर आ रहा है। नागा साधु की वेशभूषा में दिख रहे इस बच्चे को लेकर हर किसी के मन में ये सवाल उठ रहा है कि, आखिर इतना छोटा बालक कठोर तप करने वाले नागाओं के बीच क्यों है। खास बात ये है कि इस बच्चे के चेहरे पर किसी भी प्रकार की शिकन नहीं है, नागाओं के बीच प्रफुल्लित मुद्रा में आप इस बच्चे को देख सकते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि, क्या बच्चे भी नागा साधु बन सकते हैं? अगर ये सवाल आपके मन में भी उठा है तो आज हम आपको इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं।

**क्या बच्चे भी बन सकते हैं नागा साधु?:** नागा साधुओं के अखाड़े में बच्चे भी देखे जाते हैं। यानि बच्चों को भी नागा साधु दीक्षा देते हैं, नागा साधु बनने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। हिंदू धर्म के ये रहस्यमयी साधु छोटे बच्चों को भी अपने अखाड़ों में रखते हैं। कई माता-पिता अपनी इच्छा के अनुसार 10-12 महीने के छोटे शिशु को भी नागा साधुओं को भेंट कर देते हैं। इसके बाद नागा साधु ही इन बच्चों की देखरेख करते हैं। बच्चों की शिक्षा और लालन-पालन की पूरी जिम्मेदारी नागा साधुओं की ही होती है। वक्त के साथ-साथ इन बच्चों को शिक्षा भी दी जाती है, लेकिन इनका लक्ष्य स्पष्ट होता है कि बड़े होने पर ये नागा साधु ही बनेंगे। अगर बच्चा 10 साल से कम उम्र में बाल साधु बनने आता है, तो उसको प्रारंभिक शिक्षा भी अखाड़ों के द्वारा दी जाती है।

अगर बाल नागा साधु की उम्र 5 साल से अधिक है, तो उसे गुरु द्वारा दीक्षा दी जानी शुरू कर दी जाती है। बच्चे को दीक्षा ग्रहण करने के साथ ही अपने गुरु की सेवा और उनकी बातों का पालन भी करना पड़ता है। इसके साथ ही भक्ति-भजन आदि में भी बच्चा शामिल होता है। 10-12 साल की उम्र के बाद बच्चे का असली तप शुरू होता है, इसके बाद गुरु शिष्य को दिगंबर रहने की सीख देता है। यह बाल साधु जब 16-17 साल की उम्र पार करता है, तो हिमालय में 12 साल की कठिन तपस्या इसे करनी होती है। इसके बाद गुरु की अनुकंपा से अंत में सिद्ध दिगंभर की पदवी नागा साधु को गुरु के द्वारा दी जाती है। एक नागा साधु के लिए सिद्धि दिगंबर सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

## समसगढ़ में आचार्य विनम्र सागर के सानिध्य में महामस्तकाभिषेक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नव वर्ष के अवसर पर समसगढ़ में आचार्य श्री 108 विनम्र सागर महाराज के सानिध्य में अति प्राचीन शांतिनाथ, कुंथुनाथ और अरहनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। रविवार सुबह आचार्य श्री के साथ 8 मुनि महाराज और 9 आर्यिका संघ का समसगढ़ में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान उनकी अगवानी ट्रस्ट के मंत्री मनोज आर एम की नेतृत्व में ट्रस्टी विपिन, ऋषभ कोतवाली, सुनील पब्लिशर्ध, अभिराज एडवोकेट और सैकड़ों समाज जन ने श्रद्धा भाव से की। इसके बाद भक्तों ने श्रद्धा से अभिषेक और शांतिधारा की। इस दौरान आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा, यह प्राचीन क्षेत्र हमारी धरोहर है, जो यह बताता है कि हमारा जैन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। जब भी इस क्षेत्र पर जाएं, तो सदैव अपनी योग्यतानुसार दान आदि से पुण्य अर्जित करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## चौरसिया समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के लालघाटी स्थित मानस भवन में आज चौरसिया समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में समाज के 500 युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 450 ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया और भावी जीवनसाथी की तलाश की। इस अवसर पर समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन चौरसिया और सचिव मोहित चौरसिया ने जानकारी दी कि यह आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन के दौरान समाज की स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसे समाज के इतिहास और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना गया। यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करता है, साथ ही समाज के लोगों को एक दूसरे से मिलने और समझने का अवसर प्रदान करता है।

## मॉडल आईटीआई केम्पस गोविंदपुरा भोपाल में रोजगार मेले का आयोजन 13 जनवरी को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जिला रोजगार अधिकारी भोपाल ने बताया कि 13 जनवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे से मॉडल आईटीआई केम्पस गोविंदपुरा भोपाल में भव्य युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 25 मल्टीनेशनल कंपनियां एवं 10 स्वरोजगार से संबंधित संस्थायें सम्मिलित होगी। मध्यप्रदेश के सभी बेरोजगार आवेदक - आवेदिकाओं से अपील है कि अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए 13 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर इस युवा संगम रोजगार मेले का सुनहरा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करें। युवा संगम रोजगार मेले की अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष क्रमांक - 0755-2661344 पर प्राप्त कर सकते है।

## सीएमएचओ ने की शहरी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** शहरी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा के लिए संजीवनी पॉलीक्लिनिक कमला नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सा अधिकारी और प्रबंधकीय स्टाफ उपस्थित हुआ। समीक्षा बैठक में इस वित्तीय वर्ष में माह दिसंबर तक दिए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए आगामी तीन माह की रणनीति पर चर्चा की गई। सीएमएचओ द्वारा निर्देशित किया गया कि 26 जनवरी तक संचालित जनकल्याण अभियान के तहत आयुष्मान कार्ड सहित सभी सेवाएं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ काम किया जाए। पात्र हितग्राहियों तक पहुंचने के लिए मैदानी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क किया जाए। बैठक में संस्था प्रभारियों को निर्धारित समय पर ओपीडी परामर्श एवं उपचार सेवाएं देने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शीघ्र एएनसी पंजीयन, एएनसी जांच, हाईरिस्क चिह्नांकन एवं प्रबंधन, टीकाकरण, परिवार कल्याण, असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उच्च रक्तचाप एवं डायबिटीज मरीजों के चिह्नांकन, उपचार एवं नियमित फॉलोअप, वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में शेष बचे लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा की गई है। महिला आरोग्य समितियों की बैठके नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शहर की सांस्कृतिक विरासत है भोपाल उत्सव मेला: राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भोपाल उत्सव मेला व्यापारिक मेला ही नहीं है, बल्कि देश की संस्कृति साहित्य और कला को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना है। मेले की देश, प्रदेश में विशिष्ट पहचान बनी है। उन्होंने मेले की सफलता के लिए मेले से जुड़े सभी हितधारकों आयोजकों और भोपाल के निवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल श्री पटेल आज भोपाल उत्सव मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि संस्कृति, सभ्यता और आस्था के प्रतीक होते हैं। शहर की सांस्कृतिक विरासत होते हैं। भोपाल उत्सव मेला इसका आदर्श है। उन्होंने मेले के संस्थापक स्वर्गीय रमेश अग्रवाल जी के मेला शुरू करने में योगदान की सराहना करते हुए गुजरात में उनसे मुलाकात के प्रसंगों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में परिवार के साथ आत्मीय आनंद और सुकून के पल बिताने का अवसर देने में मेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। वास्तव में मेले सामुदायिक एकता और पारस्परिक संवाद के केंद्र होते हैं, जहां बिना किसी भेदभाव के अमीर गरीब शहरी ग्रामीण बच्चे युवा और बुजुर्ग मिलकर व्यंजनों का आनंद लेते हैं। मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेते हैं।




उन्होंने कहा कि मेले आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं मेले के मनोरंजन झूले प्रदर्शनी व्यंजन के स्टॉल के साथ विविध उत्पादों का आकर्षक तरीके से प्रदर्शन और ऑफर ग्राहक को खरीदारी के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने मेले में व्यापारिक व्यावसायिक गतिविधियों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों, साहित्यकारों और कवियों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर देने के लिए मेला समिति की सराहना की। सांसद श्री आलोक शर्मा ने कहा कि भोपाल के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं में शामिल भोपाल उत्सव मेले की शुरुआत में स्वर्गीय श्री रमेश चंद्र अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके कार्य समाज सेवा की प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि मेले लोगों को जोड़ने मिलाने का काम करते हैं। मेले के विकास के लिए वह अपने स्तर से सभी संभव प्रयास करेंगे। महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वर्गीय रमेश अग्रवाल के योगदान का स्मरण करते हुए मेले की निरंतरता को बनाए रखने के लिए मेला समिति को बधाई दी। विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने मेला समिति की सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री रमेश अग्रवाल के द्वारा रोपित बीज को वट वृक्ष बनने के लिए मेला समिति के पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मेला समिति के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। समिति की ओर से सौंदर्या ग्रुप के डायरेक्टर श्री नवीन राय, भोपाल उत्सव मेला समिति के कोषाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता और पूर्व महामंत्री श्री विनोद गुप्ता को भोपाल मेला उत्सव समिति की ओर से सम्मान प्रदान किया गया। स्वागत उद्बोधन भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल ने दिया। आभार प्रदर्शन समिति के महामंत्री श्री अजय सोगाने ने किया। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, दैनिक भास्कर समूह के प्रबंध निदेशक श्री सुधीर अग्रवाल एवं आई.ई.एस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बीएस यादव उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर बहुजन इंटेलेक्ट पिकनिक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत की पहली महिला शिक्षिका और सामाजिक सुधारक माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर रविवार को दीपड़ी फार्म हाउस, भोजपुर रोड भोपाल में बहुजन इंटेलेक्ट पिकनिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुबह 11:30 बजे हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। वक्ताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बौद्धिक चर्चाओं के माध्यम से माता सावित्रीबाई फुले के योगदान को श्रद्धांजलि दी गई।

आयोजन का उद्देश्य माता सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करना, उनके विचारों को प्रोत्साहित करना और बहुजन समाज के बीच बौद्धिक संवाद को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. (मेजर) मनोज राजे, कार्यक्रम संयोजक ने अपने संबोधन में कहा, यह आयोजन केवल एक पिकनिक नहीं, बल्कि माता फुले के महान कार्यों और उनके विचारों को सम्मानित करने का एक प्रयास है। उनका योगदान समाज में महिला शिक्षा और समानता के लिए अनमोल है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संघमित्रा गजभिए (अध्यक्ष बौद्धिष्ट महिला जागृति मंच) ने कहा, माता सावित्रीबाई फुले की शिक्षा हमें महिलाओं और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करती हैं।

आज का यह मंच महिलाओं को उनके नेतृत्व और शिक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेखा कांबले ने अपने विचारों में कहा, माता सावित्रीबाई फुले ने न केवल महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया, बल्कि उनके आत्म-सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कार्य किए। कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी इनायत अब्बास ने इस आयोजन को आनंद और जागरूकता का संगम बताया। उन्होंने कहा, यह आयोजन बहुजन समाज में संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने का एक सफल प्रयास है।

## लायंस क्लब भोपाल कपल का 32वां नेत्र ज्योति शिविर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** लायंस क्लब भोपाल कपल द्वारा बैरसिया स्थित मानस भवन में आयोजित 32वां वृहद नेत्र ज्योति शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में भोपाल सांसद आलोक शर्मा और क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांसद आलोक शर्मा ने कहा, जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

सांसद आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, मानव सेवा ही माधव सेवा है। जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने इस तरह के सामाजिक आयोजनों की सराहना की और लायंस क्लब को इसके लगातार 32 वर्षों के कार्य के लिए बधाई दी। तीन दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जिन मरीजों को मोतियाबिंद था, उनका ऑपरेशन किया गया। कुल 889 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया और उन्हें काले चश्मे, दवाएं और कंबल जैसी आवश्यक वस्तुएं भी वितरित की गईं। लायंस क्लब के रविन्द्र जैन ने बताया कि 19 जनवरी को फिर से मरीजों को बुलाया जाएगा, जिनकी पुनः जांच की जाएगी और दवाएं वितरित की जाएंगी।

इस अवसर पर लायंस क्लब ने वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया और मिसेज इंडियन ओसियन यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतने वाली लायन डॉ. स्वाति जैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष शाह और लायंस क्लब के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। लायंस क्लब की इस पहल ने न केवल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि जरूरतमंदों को जीवन में नई रोशनी देने का काम किया।

## जनता की सेवा हमारा ध्येय है-राज्यमंत्री गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि जनता की सेवा हमारा ध्येय है और जनता के भरोसे पर खरा उतरना, जनता की सेवा व विकास में कोई कमी नहीं रखना यह हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। यह बात उन्होंने रविवार को वार्ड-62 में एक करोड़ 32 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमि-पूजन अवसर पर कही।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि, गोविंदपुरा क्षेत्र के आनंद नगर मंडल के वार्ड 62 में एक करोड़ 32 लाख 60 हजार रुपए की लागत से लगभग दो दर्जन स्थानों पर विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि अनंतपुरा, रावतपुरा और दौलतपुरा मे लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह सब हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन का परिणाम है।

वार्ड 62 के आनंद नगर बाल विहार में इन कार्यों का भूमि-पूजन किया जिसमें 15 लाख रुपए के सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य गोदियापुरा में 10 लाख की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य वार्ड 62 के बिजली नगर में 7 लाख 60



हजार की लागत से बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य सीसी रोड पीरिया गांव आदि में कुल 53 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य शामिल है।

इसके अलावा नेम सिंह ठाकुर गली रावतपुरा कोकता के पास 5 लाख रुपए की सीसी रोड, कन्हैया गली रावतपुरा कोकता के पास 5 लाख रुपए से सीसी रोड, आर सीसी नाली एवं रोड क्रास का निर्माण किया जाएगा। हनुमान मंदिर दौलतपुरा कोकता के पास 5 लाख रुपए से सीसी रोड का निर्माण होगा। रामदेव बाबा मंदिर बंजारा बस्ती रावतपुरा कोकता के पास 5 लाख रुपए से सीसी रोड, आर सीसी नाली और रोड क्रास का निर्माण होगा। रावतपुरा कोकता में दुर्गा जी के शेड के पास 5 लाख रुपए से नाली एवं पेपर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जाएगा। मस्जिद से वसीम भाई के घर अनंतपुरा कोकता तक 15 लाख रुपए से सीसी रोड के निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष ग्वाला, प्रदीप लौधी, दलजोत, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती छाया ठाकुर, मनोज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, नरेंद्र ठाकुर, आनंद राव पांडे, संजय कुमार उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में भोपाल जिले में कुल 21,14,070 मतदाता पंजीकृत थे, जिसमें 10,85,470 पुरुष, 10,28,432 महिलाएं और 168 ट्रांसजेंडर शामिल थे। मतदाता पुनरीक्षण के दौरान 4,294 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। अब 6 जनवरी 2025 को अंतिम प्रकाशन के समय जिले की कुल मतदाता संख्या 21,18,364 हो गई है। इसमें 10,86,676 पुरुष, 10,31,520 महिलाएं और 168 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। भोपाल जिले में ईपी रेश्यो 69.15 और जेंडर रेश्यो 950 दर्ज किया गया है।

# भारतीय साहित्य में है विश्व बंधुत्व, सामाजिक न्याय और समानता का स्वर-मंत्री भूरिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि हमें भारत जैसे महान देश का निवासी होने और भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने का गर्व है। भारतीय साहित्य में धार्मिक, सांस्कृतिक, और दार्शनिक विचारों का विशेष महत्व है। भारतीय साहित्य केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि यह जीवन शैली को भी बदल देता है। भारतीय साहित्य में राष्ट्र का स्वर उद्घाटित होता है। राष्ट्र गौरव का भाव भारतीय दृष्टि की विशेषता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश सांस्कृतिक विविधता लिए हुए हैं इसलिए साहित्य को किसी एक भाषा में चिन्हित नहीं किया जा सकता। हमारे साहित्यकारों ने संस्कृत, हिन्दी, मराठी, तमिल, बंगाली, उर्दू, गुजराती, और




अन्य भारतीय भाषाओं में साहित्य रचा है और लगभग हर भाषा में महिला साहित्यकारों ने अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। मंत्री सुश्री भूरिया रविवार को भोपाल में अर्चना प्रकाशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय महिला साहित्यकार सम्मेलन को संबोधित कर रही थी।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा की भारतीय साहित्य में विश्व बंधुत्व, सामाजिक न्याय और समानता का स्वर है। इसे लोगों तक पहुचाने में धार्मिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक साहित्य का योगदान रहा है। रचनाकारों ने साहित्य को हमारे समक्ष अनेक विधाओं में प्रस्तुत किया है। सभी तरह की शैली गद्य, पद्य और कविताओं के माध्यम से जटिल से जटिल विषयों को समझाने का प्रयास किया जाता है यही साहित्य की खूबसूरती है। उन्होंने कहा की आज के दौर में जब कुछ भी और कैसा भी साहित्य छप रहा है। ऐसे में अर्चना प्रकाशन ने न केवल अपनी गुणवत्ता को बनाये रखा वरन राष्ट्रवादी साहित्य और संस्कृति को संजोये रखने वालों साहित्य के लिए अर्चना प्रकाशन ने कोई समझौता नहीं किया। भारतीय संस्कृति को सहेजने और संवारने का जो कार्य अर्चना प्रकाशन ने किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये उतनी कम है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि आदिकाल से ही विदुषियों की पद्य, सूक्तियां आदि हमारे वेद पुराणों में है। अगर हम ऋग्वेद देखें तो सत्ताइस महिला रचनाकार थी जिन्होंने सुंदर सूक्तों की रचनाएँ की है।

# राइडर्स इन द वाइल्ड 3.0-पर्यटन के ऑफ बीट डेस्टिनेशन प्रमोट करेंगे बाइकर्स

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाइकिंग इवेन्ट %राइडर्स इन द वाइल्ड-2025 का तृतीय संस्करण रविवार को एमपीटी के होटल %विंड एंड वेव्स% से शुरू हुआ। संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड श्री संतोष श्रीवास्तव एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने फ्लैग ऑफ कर सुपर बाइक रैली को मध्यप्रदेश भ्रमण के लिए रवाना किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संस्था मोस्टेच के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है।

संयुक्त संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड श्री संतोष श्रीवास्तव ने बताया, 'बाइकर्स भोपाल से राजगढ़, झालाबाड़ के रास्ते से गांधी सागर फॉरेस्ट



रिट्रीट पहुंचेंगे। यहां टेंट सिटी में रुकेंगे और अगले दिन गुना, अशोकनगर मार्ग से चंदेरी पहुंचेंगे। चंदेरी में भी बाइक राइडर्स टेंट सिटी में रुकेंगे और चंदेरी के हेरिटेज और प्राणपुर विलेज विजिट करेंगे। यह शहर फिल्म पर्यटन की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके बाद बाइकर्स टीकमगढ़ मार्ग से खजुराहो पहुंचेंगे जहां वे एक दिन रुककर हेरिटेज वॉक और बुंदेलखंड की संस्कृति से अवगत होंगे। खजुराहो से पन्ना के रास्ते बाइकर्स सतना, रीवा एवं सीधी मार्ग से एमपीटी के परसिली रिसोर्ट पहुंचेगे, यहां वेयरफुट सेंड ट्रेक, वर्ड वॉचिंग, जंगल वॉक, मिलेट म्युजियम विजिट और होम स्टे में रात्रि विश्राम करेंगे। बाइकर्स परसिली से उमरिया होते हुए जबलपुर (भेड़ाघाट) पहुंचेंगे। जहाँ मार्बल रॉक धुंआधार वॉटर फॉल विजिट, बोटिंग और स्काई डायनिंग करेंगे। इसके बाद भेड़ाघाट से भीमबेटका जाएंगे और 11 जनवरी को भोजपुर टेम्पल पर बाइक रैली का समापन होगा।

राइडर्स इन द वाइल्ड 3.0 में इस वर्ष 28 बाइकर भाग ले रहे हैं, इनमें दो महिला बाइकर भी हैं। राइडर्स मुंबई, हैदराबाद, उदयपुर एवं राजस्थान से हैं। एमपीटीबी ने बाइकर्स रैली के साथ एक एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम भी शामिल की है, जिससे बाइकर्स को किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधित असुविधा न हो। बाइक राइडर्स रैली का आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

# 3 युवकों को गोली मारी, एक की गला दबाकर हत्या

## सेप्टिक टैंक में मिले थे 4 दोस्तों के शव, 6 आरोपी गिरफ्तार





राकेश सिंह मृतक | सुरेंद्र प्रजापति मृतक | जोगेंदर महतो मृतक | करण साहू मृतक

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के बरगवां में चार लोगों की हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया। तीन युवकों की हत्या गोली मारकर की गई थी। वहीं एक का गला घोंट दिया था। इसके बाद शव सेप्टिक टैंक में फेंक दिए थे। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं।

डीआईजी साकेत पांडे ने सोमवार दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी राजा रावत है। उसका जोगेंदर महतो और सुरेश प्रजापति से घर बनाने और सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद चल रहा था।

डीआईजी ने बताया कि राजा रावत ने दो लोगों को गोली मारी। आरोपी रोहित साकेत ने एक व्यक्ति की गोली मारी है। बाकी चार लोगों ने जोगिंदर महतो का गला दबाया है। इसके सभी शवों को सेप्टिक टैंक में डाला है। आरोपियों के पास से दो पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और देसी पिस्टल की खाली मैगजीन बरामद की गई है।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार**

राजा रावत (25) पिता अमर रावत निवासी नेहरू गेट के पास जयंत

बुद्ध सेन साकेत (20) पिता रामदेव साकेत निवासी सिगाही गौरवी चौकी इलाका

हरिश्चंद्र साकेत (21) पिता रामधनी साकेत निवासी बढ़ती थाना बरगवां

रोहित साकेत (21) पिता राम विचारे साकेत निवासी नेहरू गेट जयंत

नीरज साकेत (19) पिता महेंद्र साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी जयंत अन्य 17 साल का आरोपी है।

**सेप्टिक टैंक से मिले थे चार शव:** दरअसल, 4 जनवरी को बरगवां थाना इलाके के बड़ोखर गांव में एक मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक से चार लोगों के शव मिले थे। इनकी पहचान सुरेश प्रजापति (39), करण साहू (31), राकेश सिंह (29) और जोगेंदर महतो (37) के रूप में हुई है। चारों ही जयंत इलाके के रहने वाले थे। चारों आपस में दोस्त थे और न्यू ईयर की पार्टी मनाने सुरेश के मकान पर आए थे। मृतकों के परिवार वालों से बात की।

## पन्ना के हजूरी तालाब में मिला युवक का शव

### पानी की सतह पर तैरता मिली लाश, मिर्गी की बीमारी से ग्रसित था शख्स



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पीछे हजूरी तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को युवक का शव मिला है।जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। दरअसल, युवक कई सालों से मिर्गी (फिट) की बीमारी से ग्रसित था।


पुलिस मे मिली जानकारी के मुताबिक, अजयगढ़ के हजूरी तालाब में जब लोग तालाब की ओर गए तो पानी की सतह पर अज्ञात व्यक्ति का उल्टा शव तैरता हुआ दिखाई दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को किसी तरह तालाब से बाहर निकलवाया।

मृतक की पहचान स्थानीय निवासी गोविंद कुशवाहा (35) पिता रामकृपाल कुशवाहा निवासी कछियाना मोहल्ला अजयगढ़ के रूप में हुई है। वह कुछ समय से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था और कभी भी उसे मिर्गी आ जाती थी। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद वह किसी काम से तालाब के किनारे गया होगा और अचानक उसे मिर्गी के दौरे पड़ने लगे होंगे जिससे वह तालाब में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के बाद ही सामने आ पाएगी।

# कोर्ट परिसर में दो महिला अधिवक्ताओं के बीच झगड़ा

## एक दूसरे को बाल पड़कर पीटा, सोशल मीडिया पर कमेंट से शुरू हुआ था विवाद



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिला कोर्ट में सोमवार को दो युवतियों के बीच मारपीट हो गई। दोनों कोर्ट में ट्रेनी अधिवक्ता हैं। दोनों के बीच सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट को लेकर विवाद हो गया था, जिसको लेकर दोनों कोर्ट परिसर में भीड़ गई। दोनों के बीच हुए मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद दोनों ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार दोनों जिला न्यायालय में अधिवक्ता की ट्रेनिंग कर रही है। कुछ दिन पहले एक ने सोशल मीडिया पर अपनी एक रील पोस्ट की थी। जिस पर दूसरी ट्रेनी अधिवक्ता भारती अहिरवार ने कमेंट किया था। आज दोपहर इसी बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज करते हुए आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक दूसरे के बाल पड़कर जमकर मारपीट की। आसपास में मौजूद अधिवक्ताओं ने मामले को शांत कराया।

दोनों के बीच झगड़े के दौरान पास में बैठे एक सैयद रहमान अली सीनियर बार टाइपिस्ट के पैर में चोट आगई। सैयद रहमान ने बताया कि अचानक दोनों गाली गलौज करते हुए मेरे ऊपर गिरी, जिससे मेरे दाएं पैर में चोट लग गई। आसपास के लोगों ने उन्हें लड़ने से रोका और वह लोग गाली गलौज करते हुए बाहर निकल गई।

**रील पर कमेंट करने से हुआ विवाद:** ट्रेनी अधिवक्ता भारती अहिरवार ने बताया कि एक अधिवक्ता ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर फोटो और रील पोस्ट किया था। जिसपर मोतीलाल नेहरू कॉलेज के प्रोफेसर कीर्ति विश्कर्मा ने कमेंट किया था कि अधिवक्ता को इस तरह की फोटो डालना शोभा नहीं देता। इस कमेंट के रिप्लाइ में मैंने 'राइट' लीख दिया था। जिससे भड़की अधिवक्ता ने न्यायालय परिसर में अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर मेरे साथ मारपीट की है।

**अधिवक्ता कार्यालय में कोई शिकायती नहीं आई:** एडवोकेट संघ की मीडिया प्रभारी रवि पांडे ने बताया कि हमारे संज्ञान में है कि दो महिला अधिवक्ता में सोशल मीडिया में कमेंट करने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों ने न्यायालय परिसर में झगड़ा किया गया था लेकिन अभी तक उन लोगों ने अधिवक्ता कार्यालय में कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। इसकी जांच की जाएगी, उसके बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि एक असहनीय आचरण है। सार्वजनिक न्यायालय परिषद में इस प्रकार नहीं करना चाहिए। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि अभी मैं दूसरे काम से शहर में गया था। इस मामले में शिकायत करने कोई आया है। इसका पता करता हूं, उसके बाद वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, इस मामले में रील पोस्ट करने वाले अधिवक्ता से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई भी जबाब देंने से साफ मना कर दिया है।

## मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत 06 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन समस्त मतदान केन्द्रों एवं जिला स्तर पर किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची की कॉपी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में सीपीएम से सुंदर सिंह, भाजपा से अमित प्रधान तथा कांग्रेस से अखंड प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## 15 साल की नाबालिग ने लगाई फांसी

### काम से घर लौटे पिता को पंखे से लटका मिला शव, आत्महत्या का कारण अज्ञात



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में रविवार को एक 15 साल की नाबालिग लड़की के आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक सटई रोड संध्या विहार कॉलोनी में रहने वाली आरती क्लास 9 में पढ़ती थी। उसके पिता रामबाबू राजपूत टैक्सी चालक है, जो शाम को जब काम से घर लौटे, तो उनके गेट खटखटाने पर लकड़ी ने गेट नहीं खोला।

इसके बाद वह दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे। जहां उन्हें लकड़ी की बॉडी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

इस दौरान सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि इस मामले में आत्महत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है। लड़की का मोबाइल जब्त कर मामले की जांच की जा रही है। सोमवार सुबह लड़की के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

**कोचिंग से लौटने के बाद फांसी लगाई:** वहीं, लकड़ी के पिता रामबाबू राजपूत ने बताया कि वह सुबह 10 बजे कोचिंग से लौटकर घर आई थी। इसके बाद उसने घर पर खाना भी बनाया। फिर फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि लकड़ी अपने तीनों भाई - बहनों में सबसे बड़ी है। उसकी एक छोटी बहन 11 साल और भाई 7 साल का है ,जो उसकी मां के साथ भोपाल में रहते है। उसकी मां भोपाल में रहकर मजदूरी करती है।

## कार ने रिक्शा को मारी टक्कर

### एक की मौत, तीन की हालत गंभीर, पुलिस फरार ड्राइवर की तलाश में जुटी



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के चंदला में रविवार देर रात एक रिक्शा को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए, जिसमें रिक्शा ड्राइवर की सोमवार सुबह 6 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सराई निवासी रिक्शा ड्राइवर छत्रपाल(40) अपने घर की तरफ वापस लौट रहा था। उसके रिक्शा में तीन सवारियां मुकुंदपुर कमल किशोर राजपूत, ललिता और एक अन्य महिला भी बैठी थी। तभी मुकुंदपुर तिराहे के पास पुल पर एक तेज रफ्तार कार रिक्शा को टक्कर मारकर फरार हो गई। हादसे से बाद चारों घायलों को चंदला अस्पताल भर्ती करवाया गया, जहां से गंभीर स्थिति के चलते उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया।

पुलिस ने रिक्शा चालक छत्रपाल का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, बाकि तीनों घायलों का इलाज जारी हैं। पुलिस अज्ञात कार की तलाश में जुटी है।

हालांकि चंदला थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर का फोन नहीं लगने के चलते उनसे इस संबंध में बात नहीं हो पाई। इस दौरान रिक्शा ड्राइवक के पिता कल्लू पाल ने बताया कि उसने तीन महीने पहले रिक्शा खरीदी थी।

# रंजिश के चलते पीट-पीटकर युवक की हत्या

## 5 आरोपी गिरफ्तार, उपचार के दौरान शहडोल में हुई मौत




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** थाना कारनपठार अंतर्गत सरई चौकी अंतर्गत युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरोज बाई गोंड़ 40 वर्ष पति कुंवर सिंह निवासी ग्राम पड़मनिया ने गंभीर मारपीट के बाद अपने भाई की मौत हो जाने की शिकायत 3 जनवरी को की थी।

शिकायत में उसने बताया कि उसका अविवाहित भाई अशोक सिंह खेती-बाड़ी तथा व्यापार में उसकी मदद करता था। गांव के नाथू सिंह पिता मेर सिंह, संजय सिंह पिता घनश्याम सिंह, कालू पिता मनी सिंह, डीलन पिता मनी सिंह, रमेश पिता उदय सिंह भाई अशोक सिंह से रंजिश रखते थे।

1 जनवरी को पड़मनिया बाजार में पति कुंवर सिंह, मैं तथा मेरा लड़का बाबू सिंह चाट फुल्की का ठेला लगाए हुए थे। शाम 4-5 बजे भाई अशोक मेरी दुकान में आ रहा था, तभी पशु अस्पताल के पास पुरानी रजिश को लेकर नाथू सिंह तथा संजय सिंह लाठी से मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद कालू सिंह, डीलन सिंह, रमेश सिंह निवासी पड़मनिया भी हाथ में लाठी लेकर दौड़ते आये तथा तीनों लोग मिलकर मारपीट करने लगे। भाई अपनी जान बचाकर मेरे पति की दुकान की तरफ भागा। जिसे बचाकर मैं अपने साथ घर ले आई।

मारपीट में घायल होने की वजह से वह उठ बैठ नहीं पा रहा था, उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। मेरे द्वारा सरपंच को पूरा मामला बताकर पति कुंवर सिंह के साथ जिला अस्पताल शहडोल में उपचार के लिए भर्ती किया। इलाज के दौरान 3 जनवरी को उसकी मौत हो गई।

गांव का मामला होने के कारण मेरे द्वारा पूर्व में शिकायत नहीं की गई थी। महिला की शिकायत पर धारा 103 (1), 3 (5) बीएनएस का अपराध पाये जाने पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## एक माह पूर्व जला ट्रांसफार्मर की बिजली विभाग ने नहीं ली सुध



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले के त्यौंथर डिवीजन छेत्र अंतर्गत लालगांव डीसी के ग्राम बांस में वार्ड नंबर 5 में 25केवी का ट्रांसफार्मर पिछले एक माह से जलकर खराब हो गया है इसकी जानकारी ग्रामीण जनों द्वारा बिजली विभाग के कार्यालय लालगांव को दे दी गई है लेकिन अभी तक विभाग द्वारा समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। बता दें, इस ट्रांसफार्मर में क्षमता से अधिक लोड होने के कारण साल भर भी नहीं चल पाता ट्रांसफार्मर, इसकी जानकारी विभाग को भी है लेकिन विभाग के जूनियर इंजीनियर द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को हर बार बताया जाता है जिस पर अधिकारी बोलते हैं इस बार 25 का ही लगा दो अगली बार 63 का कर देंगे। क्या करें जूनियर इंजीनियर वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश का पालन तो करना ही पड़ेगा यही बाते जूनियर इंजीनियर द्वारा ग्रामीण जनों को बोलकर ट्रांसफार्मर लगा देते हैं फिर उस चीज को फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी द्वारा इस मामले में डिविजनल इंजीनियर ज्ञानेंद्र सिंह से चर्चा की। इस मामले की जानकारी त्यौंथर डिवीजन इंजीनियर ज्ञानेंद्र सिंह को जब पता लगी तो उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि एक-दो दिन में ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा अब देखने वाली बात होगी कि ट्रांसफार्मर कब तक लग जाएगा। वार्ड की जनता द्वारा ट्रांसफार्मर के पास एकत्रित होकर मीडिया के माध्यम से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया अब तो ट्रांसफार्मर बदल दे साहब। वहीं ग्रामीण जनों द्वारा अपनी अपनी बातें रखी और अपनी पीड़ा सबके सामने रखी जिस पर मुख्य रूप से राघवेंद्र तिवारी, हीरालाल जायसवाल, सुरेश सेन, राममणि प्रजापत सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने रैण्डम आधार पर शिकायतकर्ताओं से किया संवाद

## विभाग प्रमुख शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करायें : कलेक्टर

### समय-सीमा बैठक





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई।इस दौरान कलेक्टर ने रैण्डम आधार पर कुछ शिकायकर्ताओं से भी मोबाइल पर संपर्क कर शिकायत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों की सूची तैयार करने तथा उसके संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक माह समाधान दिवस का आयोजन करने तथा शिकायकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं को समझने तथा संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले को टीबी मुक्त करने के लिए 100 दिवसीय निक्षय अभियान के प्रभावी रि यान्वयन के निर्देश दिए है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने संबंधित अधिकारियों को छात्रावासों के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।


## आम सूचना

जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे (स्वाती चावला) बचत खाता क्रमांक 094801510831 के चेक आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड शाखा रीवा द्वारा संचालित चेक बुक जिसके 11 चेक जिनका नंबर क्रमशः 000314, 315, 317, 318, 319, 320, 321, 322, 323, 324 एवं 000325 तक है, जुलाई माह में गुम हो गये थे। जिसके संबंध में संबंधित बैंक को सूचना दिया जाकर उपरोक्त चेको पर स्टाप पेमेन्ट बैंक द्वारा दिनांक 23.07.2024 को किया जा चुका है। यदि कोई उपरोक्त नंबर के चेको का दुरूपयोग करता है तो वह उसका स्वयं उत्तरदायी होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

दिनांक 06-01-2025

वास्ते
स्वाती चावला

## विचार

### युद्ध एवं आतंक से जूझती दुनिया में शांति का उजाला हो

नव वर्ष 2025 की शुरुआत दुनिया के लिए शांति, अमनचैन, अयुद्ध और समृद्धि का वर्ष बनने की कामना के साथ हुई लेकिन अमेरिका में नए साल के पहले ही दिन हुए आतंकी ट्रक अटैक में 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले ने शांति एवं अमनचैन के दुनिया के मनसूंबों पर पानी फेर दिया। न्यू ऑरलियन्स में हुए इस आतंकी हमले को 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार ने अंजाम दिया, जिसे इस्लामिक स्टेट-आईएसआईएस समर्थक माना जा रहा है क्योंकि उसकी गाड़ी से इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े कुछ दस्तावेज मिले हैं। इस हमले की जांच 'आतंकवादी कृत्य' के रूप में कर रहे हैं। जब्बार पुलिस की गोलीबारी में मारा गया। बात केवल अमेरिका में हुए इस आतंकी हमले की नहीं है। समूची दुनिया युद्ध और शांति, आतंक एवं आनन्द, हिंसा और अहिंसा, भय और अभय के बीच झूलस रही है। दुनिया में कई सत्ताएं युद्धरत हैं, जबकि ज्यादातर लोग शांति चाहते हैं। अजीब अंतर्विरोध एवं विरोधाभास देखने को मिल रहा है। शांति का मतलब सिर्फ़ युद्ध का अभाव नहीं होता, बल्कि एक ऐसा वातावरण होता है जहां गतिशील, मज़बूत, सौहार्दपूर्ण और संपन्न समाज का निर्माण होता है। ऐसे समाजों में मानव क्षमता का अधिकाधिक इस्तेमाल होता है और जीवन शांति एवं सहजीवन के रूप में व्यतीत होता है। विडम्बना देखिये कि ज्यादातर लोग शांति, अमन-चैन चाहते हैं फिर भी युद्ध प्रेमी सत्ताएं व्यापक जन-समर्थन हासिल करती जा रही है।

विश्व में उथल पुथल कई मोर्चों पर चली रहती है जिस पर दुनिया का ध्यान आकर्षित होता रहता है। साथ में ही इसका प्रभाव शेष विश्व पर भी पड़ता है, लेकिन विश्व में शांति के लिए संघर्ष जिस बड़े पैमाने पर हो रहे हैं युद्ध एवं आतंक भी उससे बड़े पैमाने पर पनप रहे हैं। इस समय कम से कम दो लंबे युद्ध चल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को तीन साल होने वाले हैं, जबकि गाजा और इस्त्राइल के युद्ध को भी एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है। संसार लगभग चुपचाप, लाचार यह नरसंहार देख रहा है। युद्ध में केवल बर्बरता, लाशें, आग, मलबा और रॉकेट दिख रहे हैं। लोग बेबस हैं, बच्चे अचंभित हैं, औरतों के साथ बर्बरता हो रही है। फिर भी, इन युद्धों को रोकने की कोई सार्थक एवं प्रभावी पहल नहीं हो रही। क्या संसार ने युद्ध की अनिवार्यता और शांति की असंभावना को स्वीकार कर लिया है?

# नेताओं की बढ़ती सम्पत्ति गरीबों को मुंह चिढ़ा रही है

**योगेंद्र योगी**

**भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सपंाी इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुयमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुयमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपाी है। अरुणाचल प्रदेश के मुयमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं।**



उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है।

विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो।

यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क़रीब 95 फ़ीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें क़रीब 54 फ़ीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सम्पत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो, या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी सम्पत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों को मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं- जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है, तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है।

भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ़ 0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है। वहीं, बिहार, झारखंड, और उत्तर प्रदेश में गरीबी दर सबसे ज़्यादा है। बिहार में 51.91 प्रतिशत, झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 के मुताबिक, भारत को 127 देशों में 105वां स्थान मिला। भारत, अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, और बांग्लादेश से भी पीछे है। भारत में भुखमरी की वजह से अक्सर मौत भी हो जाती है। भुखमरी के कारण बच्चों और वयस्कों में कुपोषण, बौनापन, और दुर्बलता हो सकती है। भुखमरी सिर्फ़ भोजन तक सीमित नहीं है, यह सरकार की ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने में विफलता को दर्शाता है। भारत में भुखमरी की समस्या मुख्य रूप से बिहार, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश में है। इन राज्यों में से, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारत की कुल भूखी आबादी का एक तिहाई हिस्सा है।

भारत में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जिसके विभाग को सौ प्रतिशत भ्रष्टाचार से मुक्त कहा जा सकता है। राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किन्तु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है।

देश में भ्रष्टाचार, गरीबी और भुखमरी के बीच नेताओं की बढ़ती हुई सम्पत्ति में बेशक सीधा कोई संबंध न हो किन्तु सवाल तो उठना लाजिमी है। यक्ष प्रश्न यही है कि करोड़ों की आबादी के पास दो वक्त का खाना नहीं है तो नेताओं की सम्पत्ति आखिर कैसे बढ़ रही है। ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है, जिनके आर्थिक हैसीयत राजनीति में आने से पहले आम लोगों जैसी थी, किन्तु जनप्रतिनिधि और मंत्री बनते ही उनकी सम्पत्ति में उछाल आ गया। देश में जब तक गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्याएं रहेंगी तब तक नेताओं की सम्पत्ति देशहित के दावों की धज्जियां उड़ाती रहेंगी।

# आदमी अब घर से बाहर क्या खाएं?

हाल में खबर आई है कि आगरा में 18 प्रसिद्ध और बड़ी कंपनियों के नाम से नकली घी तैयार हो रहा था। तैयार घी की पूरे यूपी समेत कई प्रदेशों में सप्लाई होती थी। इस घी से बाजार में फास्ट फूड तैयार होते हैं। पहले भी समयङ्कसमय पर नकली घी पकड़ा जाता रहा है। बाजार में पनीर, दूध, मावा और अन्य खाद्य पदार्थ के नकली होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। आटा, दाल और अन्य खाद्य सामान भी घटिया क्वालिटी का पकड़ा जाता रहा है। पिछले कुछ समय से खाने या पानी में थूकने, पेशाब करने, खाने के बर्तन को नाली के पानी में धोने की शिकायते रहीं हैं। ऐसे में प्रश्न पैदा होता है कि आदमी घर से बाहर अब क्या खाएं? सफर में पेट भरने के लिए आदमी क्या करें? क्या हमें पुरानी स्थिति पर जाना होगा, जब आदमी घर से ही खाना लेकर चलता था। घर का खाना खत्म होने पर फल खाकर काम चलाता था, किंतु बाजार का नहीं खाता था। या अब उसे घर से बड़ी कंपनियों के रेटीमेड फूट पैकेट लेकर चलने होंगे? आगरा के ताजगंज के मारुति सिटी रोड पर नवविकसित कॉलोनी के प्लॉट में नकली देसी घी तैयार करके पूरे प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस और एसओजी की टीम ने छापा मारकर अमूल, मधुसूदन, पतंजलि सहित 18 मशहूर ब्रांडों के नाम की पैकिंग में नकली देसी घी जब्त किया है। इसमें रिफाइंड व अन्य कैमिकल की मिलावट की जा रही थी। फैक्टरी के मैनेजर सहित पांच लोग गिरफ्तार किए हैं।

डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि मारुति सिटी रोड पर मारुति प्रभासम कॉलोनी में राजेश अग्रवाल नामक व्यक्ति के प्लॉट में टिन शेड डालकर फैक्टरी संचालित की जा रही थी। प्लॉट किराए पर ले रखा था। पूछताछ में बताया गया कि ग्वालियर निवासी बृजेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, नीरज अग्रवाल का प्योर इट के नाम से देसी घी का ब्रांड है। उन्होंने करीब छह माह पूर्व फैक्टरी खोली थी। कॉलोनी के राजेश भारद्वाज को मैनेजर बनाया था। बाजार से जिस ब्रांड की डिमांड मिलती थी, उसी ब्रांड के स्टिकर लगाकर टिन और डिब्बों में पैक कर दिया जाता था।

प्रेस को यह भी बताया गया कि फैक्टरी में भारी मात्रा में बना हुआ घी, कच्चा माल, कई कंपनियों के स्टीकर, प्रयोग की जाने वालीं मशीन, पैकिंग मशीन आदि बरामद की गई हैं। बरामद माल की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। पुलिस फैक्टरी के संचालक और कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर रही है। एफएसडीए की टीम को भी कार्रवाई के लिए बुलाया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि छापे से कुछ देर पहले ही नकली देसी घी के 50 टिन की खेप मेरठ भेजी गई थी। इस माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि नकली देसी घी प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था।

पॉम आयल, रिफाइंड, वनस्पति और एसेंस से तैयार हो रहा था। सुगंध असली घी जैसी और दाने भी रवेदार, एकबारगी तो पुलिस टीम को भी असली घी का भ्रम हुआ। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि वह खुद मौके पर पहुंचे। सबसे पहला सवाल यह किया कि घी कैसे बनाते



थे। आरोपियों ने बताया कि देसी घी की लोगों को पहचान नहीं है। कोई खुशबू देखता है तो कोई दाने। वो लोग पॉम ऑयल, रिफाइंड, वनस्पति घी, कैमिकल को मिलाकर देसी घी तैयार किया करते थे। उसमें एसेंस मिलाते थे। ताकि खुशबू आए। मौके से एक्सपाइरी डेट का रिफाइंड भी मिला। पुलिस ने आरोपियों से पूछा कि इसको क्यों खरीदा। मजदूरों ने बताया कि एक्सपाइरी डेट का माल सस्ता मिलता है। जब वे देसी घी बनाते थे तो इस रिफाइंड का भी प्रयोग करते थे।

आगरा पुलिस के अनुसार बिल्टियों की जांच में पता चला कि नकली देसी घी को राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, असम व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के फास्ट फूड बाजारों में सीधे बेचा जाता था। इसी घी से डोसा, भल्ले, समोसे और आमलेट तक बनाया जाता था। खाद्य और औषधि विभाग ग्वालियर के अनुसार रामनाथ अग्रवाल व उनके परिवार के लोग पहले नकली घी के कारोबार में लिप्त थे और रासुका भी लगी थी।2010 के बाद से इन्होंने ग्वालियर छोड़ दिया था।

इससे पहले 24 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस ने द्वारका में एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां मिलावटी घी बनाया जाता था और उसे पतंजलि, मदर डेयरी और अमूल जैसे ब्रांड का स्टिकर लगे हुए कंटेनर में भरकर बेचा जाता था। बाबा रामदेव की नामी-गिरामी कंपनी पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग के द्वारा साल 2021 में दीपावली के पर्व पर टिहरी जनपद के घनसाली में एक दुकान से सैंपल भरा गया था। इसके बाद सैंपल को राज्य की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया तो, सैंपल फेल पाया गया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा कंपनी को नोटिस जारी किया तो, कंपनी ने राज्य की लैबोरेट्री को रिपोर्ट को गलत साबित किया। खाद्य संरक्षा विभाग के द्वारा केंद्रीय प्रयोगशाला में सैंपल भेजा गया तो केंद्रीय प्रयोगशाला में भी बाबा रामदेव की पतंजलि ब्रांड गाय के घी का सैंपल फेल पाया गया।

आज लोगों का घर से निकलना, घूमना, यात्र करना, विभागीय कार्य से बाहर जाना आम बात है। इन लोगों को ऐसे में घर से बाहर ढ़ाबों, होटल और फास्ट फूड सैंटर से ही पेट भरना होता है। बाजार में नकली दूध पनीर की पहले ही शिकायत रही हैं। अन्य खाद्य पदार्थ की भी शुद्धता की कोई गारंटी नही। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र में पिछले साल नवरात्रि के अवसर पर बाजार में बिक रहे घटिया क्वालिटी का कूटू का आटा का खाकर काफी व्यक्ति पहले ही बीमार पड़ चुकें हैं। पिछले एक डेढ़ वर्ष से शिकायत मिल रही हैं कि कुछ लोग खाने में थूक रहे हैं। फलों पर पेशाब डालकर छिड़क रहे हैं। ब्रेड में थूका जा रहा है। खाने की सामग्री अपवित्र कर बेची जा रही है।

# कलेक्टर ने रायपुर निगम प्रशासक का संभाला चार्ज

## ढेबर की तस्वीर-मोमेंटो चैंबर से हटाई गई, आईएएस गौरव सिंह ने पेंशन की फाइल पर किया साइन





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर नगर निगम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सोमवार को प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने चार्ज संभालते ही पेंडिंग पड़े पेंशन की फाइल पर साइन किया है। वहीं, चैंबर से एजाज ढेबर की तस्वीर-मोमेंटो हटा दी गई है।

दरअसल, लंबे समय से 125 से अधिक पेंशन के प्रकरण पेंडिंग थे। उस पर प्रशासक ने हस्ताक्षर किया है। अब 125 से अधिक लोगों के सीधा लाभ मिलेगा। उनके खातों में पेंशन की राशि पहुंचेगी। प्रशासक की नियुक्ति के बाद मेयर के सभी पावर उनके पास चले गए हैं। अब नगर निगम में महापौर जैसे पद शक्ति-विहीन हो गए हैं।

**रायपुर में ये अफसर रहे चुके प्रशासकः** इससे पहले, रायपुर में गणेश शंकर मिश्रा, अजय नाथ जैसे अफसरों ने प्रशासक की जिम्मेदारी निभाई है। प्रशासक की नियुक्ति के बाद अब यह होगा कि जनप्रतिनिधि किसी भी मामले में नगर निगम से जुड़े फैसले नहीं कर पाएंगे। यह जिम्मा अब प्रशासक के पास होगा। जोन अध्यक्षों की शक्तियां अब नगर निगम आयुक्त के पास होगी। महापौर स्तर के फैसले लेने की शक्तियां प्रशासक के पास होगी।

**ट्रैफिक समस्या दूर करने और सड़कों की साफ-सफाई पर जोरः** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रशासक की जिम्मेदारी संभालने के बाद नगर निगम के कई कामों की समीक्षा की। निराश्रित पेंशन के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही राजधानी की ट्रैफिक समस्याओं को दूर करने के लिए जोन के अलावा मुख्यालय के अधिकारियों को भी निराकरण करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों से कहा कि, जहां पर भी ट्रैफिक की समस्या दिखाई दे, उन जगहों को बेहतर करने का प्रयास किया जाए। जिससे ट्रैफिक सही हो सके। शहर की साफ-सफाई बेहतर करेंगे और गार्डन को भी स्वच्छ रखा जाएगा।

**जनता की समस्याओं को दूर किया जाएगाः** गार्डन में लगे ओपन-जिम का रख-रखाव भी बेहतर किया जाएगा। सड़कों की मरम्मत का काम भी समय-समय पर की जाएगा। पब्लिक टॉयलेट की साफ-सफाई और किसी भी प्रकार की कोई समस्याएं जनता को नहीं होगी। इन सभी मुद्दों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं।

गौरव कुमार सिंह ने कहा कि, आज प्रशासक की जिम्मेदारी संभालने के बाद 125 से अधिक पेंशन प्रकरणों को निपटाया गया है। अगले महीने से उन्हें निराश्रित और दिव्यांग पेंशन मिलने लगेगी। जनता के हित को लेकर जो कार्य करना है। ऐसे कामों को लेकर तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

जनता से जुड़े कामों को लेकर प्रशासन ने कहा कि, मेयर इन काउंसिल और सामान्य सभा दोनों के पावर प्रशासन के पास होते हैं। जनता से जुड़े कामों पर जरुरत के अनुसार निर्णय लेंगे। हमारा अंतिम लक्ष्य है कि किसी भी स्थिति में आम आदमी को समस्या ना हो। हम पूरी कोशिश करेंगे। इस समय लोगों को यातायात, स्वच्छता और मूलभूति चीजों पर तत्काल कार्रवाई करें।

# पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपियों को उम्रकैद की सजा

## पति ने भाइयों और पिता के साथ मिलकर की थी पत्नी की हत्या



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग में पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति, उसके भाइयों और पिता को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी की अदालत ने आरोपियों पर 2-2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

जानकारी के मुताबिक, मठपारा जामुल निवासी इंद्रजीत दुबे के साथ रंजीता दुबे की करीब 9 साल पहले शादी हुई थी। दोनों को 2 बच्चे भी थे। 31 अगस्त 2021 की रात को रंजीता घर में जली हुई हालत में मिली। उसके पति इंद्रजीत ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

**इलाज के दौरान हुई थी मौतः** इलाज के दौरान रंजीता की हालत काफी गंभीर थी। इसलिए डॉक्टरों ने उसे रायपुर मेकाहारा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान 8 सितंबर की रात रंजीता दुबे की मौत हो गई। मरने से पहले 2 सितंबर 2021 को रंजीता दुबे ने पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया था।

उसने अपने बयान में बताया था कि, उसका पति इंद्रजीत दुबे आदतन शराबी है। वो हमेशा उसके साथ मारपीट कर शराब पीने के लिए रुपए मांगता था। जब वो नहीं देती तो उसके साथ मारपीट करता है। घटना के दिन 31 अगस्त को भी इंद्रजीत शराब पीकर घर आया था। उसने उसके साथ मारपीट शुरू की।

**पिता-भाई के सामने मिट्टी-तेल डालकर आग लगायाः** रंजीता ने बताया था कि, झगड़े की आवाज सुनकर उसके ससुर योगेश दुबे, जेठ भूपेंद्र दुबे, देवर फनेंद्र दुबे भी पहुंच गए। उसने अपने ससुर, जेठ और देवर से बचाने की गुहार लगाई, लेकिन उन्होंने कोई बचाव नहीं किया। उनके सामने ही इंद्रजीत उसे पीटता रहा।

इसके बाद वो कमरे के अंदर से मिट्टी-तेल की गैलन लेकर आया और उस पर डालकर माचिस मार दी। इससे वो बुरी तरह जल गई। इस दौरान किसी ने भी उसे बचाने का प्रयास नहीं किया।

# सराफा कारोबारी की घर में घुसकर हत्या

## धारदार हथियार से सिर पर किया वार, फिर कार लूटकर फरार हो गए नकाबपोश



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। फिर बदमाश उनकी क्रेटा कार लूटकर भाग गए। वारदात की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने गोपाल राय सोनी की हत्या पर दुख जताया है।

जानकारी के मुताबिक, नया ट्रांसपोर्ट नगर के लालू राम कॉलोनी में अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपाल राय सोनी का घर है। रात करीब 9 बजे घर पर दो नाकाबपोश बदमाश घुस आए। उन्होंने किसी धारदार हथियार से कारोबारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वो लहूलुहान होकर गिर गए।

**घटना के दौरान घर पर थी बीमार पत्नीः** घटना के दौरान बीमार पत्नी घर पर ही थी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में कारोबारी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सराफा व्यवसायी और परिजन अस्पताल पहुंच गए।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः** वहीं, अस्पताल की ओर से सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल लालूराम कॉलोनी पहुंचे। देर रात तक शहर के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी की गई। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए कॉलोनी और चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

**घर से नहीं ले गए कोई सामानः** एसपी सिद्धार्थ तिवारी का कहना है कि, बदमाश हत्या के बाद केवल कार ले गए, लेकिन घर पर किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल, सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

**1990 में भी हुई थी जीजा-भतीजे की हत्याः** बता दें कि, 1990 में गोपाल राय सोनी के ही परिवार में जीजा और भतीजे की हत्या हुई थी। इस घटना को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी फुटेज का डीवीआर भी आरोपी ले भागे थे। करीब 20 मिनट में आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था।

**हत्या के विरोध में सराफा कारोबार बंद रहाः** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि, जिस तरह से घर घुसकर एक प्रतिष्ठित सराफा कारोबारी की हत्या की गई है, यह निंदनीय है। हालांकि, हत्यारों ने कोई लूट और डकैती नहीं की है। केवल सूटकेस में रखे जमीन के दस्तावेज लेकर गए हैं। इसके विरोध में कोरबा के सराफा व्यापारियों ने अपनी दुकाने बंद रखी है। पूरे मामले में एसपी और आईजी से बात हुई है।

# खनिज विभाग की कार्यवाही पैनारी में स्टोन क्रशर को किया सीलबंद



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में आज विगत 03 जनवरी 2025 को खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पैनारी तहसील खड़गवां स्थित खसरा क्रमांक 1067 रकबा 0.40 हेक्टेयर क्षेत्र में श्री गजरूप सिंह पिता रामसिंग निवासी पैनारी के पक्ष में स्वीकृत खनिज साधारण पत्थर खदान का जांच किया गया। जिसमें उत्खनीपट्टाधारी के द्वारा पट्टा क्षेत्र से लगे बड़े झाड़ के जमीन खसरा क्रमांक 1080 में अवैध खनन किया जाना पाया गया और इसके साथ ही साथ खदान को दर्शाने वाली सीमा स्तंभ भी नहीं लगा पाया गया। उत्खनन योजना अनुसार खनन किया जाना नहीं पाया गया, आवक जावक रजिस्टर एवं अभिवहन पास नहीं पाया गया। साथ ही पर्यावरणीय नियमों का भी पालन नहीं किया गया है। जिससे मौके पर ही खदान क्षेत्र के भीतर स्थापित क्रशर मशीन को छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण ) नियम 2009 के तहत कार्यवाही किया जाकर आगामी आदेश पर्यंत सील बंद किया गया है एवं खदान के शर्तों के उल्लंघन के तहत भी कार्यवही की गई है। ऐसी कार्यवाही जिले में निरंतर जारी रहेगी।

# युवक ने सरेराह महिला टीचर का पकड़ा हाथ

## वाट्सऐप पर युवक ने की थी अभद्र टिप्पणी, विरोध करने पर मिलने बुलाया फिर की छेड़छाड़, केस दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में एक युवक ने महिला टीचर के वाट्सऐप पर पहले अभद्र टिप्पणी करते हुए मेसेज किया, जिसके बाद वो टीचर को मिलने बुलाकर हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा। महिला टीचर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, आरोपी युवक की तलाश कर रही है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

टीआई एसआर साहू ने बताया कि सरकंडा क्षेत्र की रहने वाली 43 वर्षीय महिला स्कूल में टीचर हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 27 खोली में रहने वाले विकास रोहरा ने समाज के वाट्सऐप ग्रुप में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने विकास रोहरा से बात की। तब उसने उसे मिलने बुलाया। महिला टीचर उसके घर बात करने जा रही थीं। तभी रास्ते में घर के पास ही एक कार में विकास वहां आया।

**हाथ पकड़कर करने लगा छेड़खानीः** इस दौरान युवक कार से उतरा। महिला ने जब उससे बात की तो युवक ने दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। इस बीच उसने महिला का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा। किसी तरह वहां से निकलकर महिला टीचर ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जिसके बाद आरोपी की तलाश करते हुए उसके घर पहुंची। लेकिन, वह भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**पहले भी हुआ था गिरफ्तारः** टीआई साहू ने बताया कि आरोपी विकास रोहरा के खिलाफ पहले से केस दर्ज है। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस बार महिला टीचर ने उसके खिलाफ शिकायत की है, जिस पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# जिले में महात्मा गांधी नरेगा के तहत संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी, 10 जनवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जिला स्तर पर समन्वयक (तकनीकी), कंप्यूटर प्रोग्रामर और लेखापाल के 01-01 संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा के पत्र क्रमांक/2514/वि-7/स्था/एमजीएनआरईजीए/2024, 08 अक्टूबर 2024 के निर्देशानुसार, जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत उक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदक 16 दिसंबर 2024 को अपराह्न 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मांगे गए थे।

प्राप्त आवेदनों की जांच/स्कूटनी जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा की गई, जिसके आधार पर पात्र और अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। यह सूची जिले के कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सूचना पटल पर और एमसीबी जिले की आधिकारिक वेबसाइट /भर्ती/ पर उपलब्ध है। पात्र/अपात्र सूची के प्रकाशन के उपरांत अभ्यर्थियों को अपनी अपात्रता या किसी त्रुटि पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। अभ्यर्थी 10 जनवरी 2025 तक अपने दावा-आपत्ति पंजीकृत डाक या स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफे में कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, द्वितीय तल, कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर कोरिया वृत्त, मनेंद्रगढ़, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा कर सकते हैं।

# झोलाछाप डॉक्टर ने नाबालिग लड़की से किया रेप

## इलाज कराने पहुंची तो की दोस्ती, शादी का वादा कर किया दुष्कर्म, फिर अश्लील वीडियो बनाकर धमकाया




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में झोलाछाप डॉक्टर ने क्लीनिक बुलाकर पहले नाबालिग लड़की से रेप किया, जिसके बाद उसने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसे धमकाने लगा। फिर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाने लगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार 16 साल की नाबालिग लड़की कोनी क्षेत्र के पौंसरा में एक क्लीनिक में इलाज कराने गई थी। यहां संदीप लास्कर झोलाछाप डॉक्टर है, जो गांव में ही क्लीनिक चलाता है। उसने लड़की से पहले दोस्ती की। जिसके बाद उसके साथ प्यार करने की कही बात कही और उससे शादी करने का वादा किया। इस दौरान दोनों मिलते-जुलते और आसपस में बात करते रहे।

**क्लीनिक में बुलाकर किया दुष्कर्मः** इस बीच झोलाछाप डॉक्टर ने लड़की को अपने क्लीनिक में मिलने बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की के मना करने पर उसने उसके साथ शादी करने का झांसा दिया। वहीं, लड़की मना करने पर उसने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने लगा।

**ब्लैकमेल कर धमकाया, शादी करने से किया इंकारः** संदीप लास्कर अपनी प्रेमिका को ब्लैकमेल कर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। बाद में जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया, तब उसने शादी करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद लड़की ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। फिर वो परिजन के साथ शिकायत करने थाने पहुंची।

घटना के बाद से फरार था आरोपी, अब गिरफ्तार

टीआई नवीन देवांगन ने बताया कि आरोपी संदीप लास्कर इस घटना के बाद से फरार था। केस दर्ज करने के बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। उसके गांव पौंसरा के साथ ही जलसो सेमरताल सहित आसपास के गांव में उसकी पतासाजी की। लेकिन, वो नहीं मिला। रविवार को आरापी अपने गांव आया था, इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया।

# जिला स्तरीय बालिका/महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा खेल अधिकारी गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल प्रांगण में जिला स्तर पर बालिका/महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तर की प्रतियोगिता 04 जनवरी 2025 को सम्पन्न हुआ है। जिस प्रतियोगिता में खो-खो, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्सा-कस्सी, हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन और एथलेटिक्स जैसे खेलों की स्पर्धाएं आयोजित की गयी थी। 100 मीटर की दौड़ में 9 से 18 वर्ष के सुस्मिता प्रथम, कमलेश्वरी द्वितीय, निर्मला तृतीय, और 400 मीटर की दौड़ में सुमन प्रथम, सुस्मिता द्वितीय, दुर्गावती तृतीय तथा 100 मीटर की दौड़ में 19 से 35 वर्ष के प्रभावती प्रथम, रीता द्वितीय, अमरवती तृतीय और 400 मीटर की दौड़ में प्रभावती प्रथम, अमरवती द्वितीय, गायत्री सिंह तृतीय, रस्सा -कस्सी में 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता भरतपुर, और 19 से 35 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, तवा फेंक में 9 से 18 वर्ष के कविता सिंह प्रथम, गीता सिंह द्वितीय, दीपिका सिंह तृतीय, और 19 से 35 वर्ष के पार्वती प्रथम, प्रभावती द्वितीय, दिपा तृतीय, खो-खो में 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता भरतपुर, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, वॉलीबॉल 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता मनेन्द्रगढ़, उपविजेता खड़गवॉ, बास्केटबॉल 9 से 18 वर्ष विजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता भरतपुर, बैडमिंटन सिंगल में 9 से 18 वर्ष के पूर्वी गुप्ता प्रथम, अंजली द्वितीय, ज्योति तृतीय, बैडमिंटन डबल में पूर्वी -वैभव प्रथम, सुमन -प्रतिमा द्वितीय,प्रगति -अंजली तृतीय, वेटलिफ्टिंग में 9 से 18 वर्ष के संभवी प्रथम, और 19 से 35 वर्ष के सुचित्रा प्रथम, संध्या द्वितीय, रोशनी तृतीय स्थान पर रही है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी हेतु अंतिम प्रकाशन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025 की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि के संदर्भ में 06 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थिति समस्त प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के तहत, 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया और नाम जोड़ने, परिवर्तन करने एवं सुधार हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त दावा आपत्तियों का 24 दिसम्बर 2024 तक निराकरण किया गया। निराकरण के बाद, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन जिले के सभी 388 मतदान केंद्रों पर किया गया, साथ ही सेवा निर्वाचकों के अंतिम भाग का भी प्रकाशन किया गया। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम प्रकाशन के बाद, जिले में कुल 319,646 मतदाता पंजीकृत हैं। जिसमें विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर सोनहत अ.ज.जा. में पुरुष मतदाताओं की संख्या 89038, महिला मतदाताओं संख्या 92092 तथा थर्ड जेंडर के 05 मतदाता सहित कुल 181135 मतदाता है।

इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेंद्रगढ़ में पुरूष मतदाताओं की संख्या 69362, महिला मतदाताओं की संख्या 69148 तथा 01 थर्ड जेंडर सहित कुल 138511 मतदाता शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संबंध में आज 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले के सभी 388 मतदान केन्द्रों में किया गया है, जहाँ सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकेंगें। सभी मतदाता अपनी जानकारी ऑनलाइन वोटर पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्प व बी.एल.ओ. के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगें। प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत जिले में कुल 5259 मतदाता पंजीकृत हुए हैं। इसी प्रकार प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत 18 से 19 वर्ष के जिले में कुल 2206 नवीन मतदाता पंजीकृत हुए हैं। विधानसभा 01 भरतपुर-सोनहत में 1797 तथा 02 मनेन्द्रगढ़ में 709 मतदाता पंजीकृत हुए। जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर में सीनियर सीटिजन मतदाताओं की संख्या 802, युवा मतदाताओं की संख्या 8335 तथा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3849 हैं। जिले में सेवा निर्वाचकों में पुरुष मतदाता 305, महिला मतदाता 8, इस प्रकार कुल 313 सेवा निर्वाचक मतदाता हैं।

बैठक में निर्वाचन अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आम आदमी पार्टी से विशेष सोनी, टीएमसी से सौरभ मिश्रा, बीजेपी से आशीष मजूमदार, और बीएसपी से प्रमोद बंसल उपस्थित थे।

# खेल गतिविधियां जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती हैं- मुयमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेल गतिविधियां जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती हैं। भारतीय संस्कृति में खेलों की समृद्ध और उत्कृष्ट परम्परा रही है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से खेल के आधार पर डिग्री प्राप्त करने और स्पोर्टस टीचर को असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर वाइस चांसलर तक बनने की व्यवस्था स्थापित की गई है। खेल, व्यक्ति की दक्षता, क्षमता और योग्यता के प्रकटीकरण के प्रभावी माध्यम हैं। राज्य शासन प्रत्येक स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी खेलों को प्रोत्साहित कर प्रतिभाओं को निखारने के लिए



आवश्यक व्यवस्था स्थापित की है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इसके परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। भोपाल में बेहतर क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 30 वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओल्ड केम्पियन ग्राउंड पर बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट की शुरूआत की। इस अवसर पर खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग, पूर्व विधायक श्री ध्रुव नारायण सिंह, खेल पत्रकार संघ के संरक्षण श्री मृगेंद्र सिंह सहित संघ के पदाधिकारी, मीडिया कर्मी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सल ब्लास्ट, 8 जवान शहीद

**बीजापुर ( एजेंसी )।** आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर से संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन पूरा कर वापस लौट रही थी। सोमवार दोपहर करीब सवा 2 बजे बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों ने डीआरजी ब्लास्ट किया। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के कुछ पार्ट्स 30 फीट दूर एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर मिले। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, आज आईईडी विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं और ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी।

## बेंगलुरु में बच्चों को जहर देकर कपल ने सुसाइड किया

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** बेंगलुरु में सोमवार को एक ही परिवार 4 लोगों के शव घर से बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी ने पहले बच्चों को जहर दिया। इसके बाद फांसी लगा ली। यूपी के प्रयागराज का रहने वाला अनूप कुमार (38), पत्नी राखी (35), बेटी अनुप्रिया (5) और बेटा प्रियांश (2) के साथ रहता था। अनूप निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट था। सोमवार सुबह उनके घर काम करने वाली महिला आई हुई थी। उसने बेल बजाई, लेकिन अनूप के घर दरवाजा नहीं खुला। उसने पड़ोसियों को बताया। उन लोगों ने भी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर दरवाजा खोला गया। पुलिस के मुताबिक अनूप और राखी के शव फांसी के फंदे पर लटके थे। दोनों बच्चों के शव जमीन पर थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घर को सील किया गया है। पड़ोसी बोले- बेटी के कारण परेशान थे अनूप-राखी पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि अनूप और राखी की बड़ी बेटी अनुप्रिया का स्वास्थ ठीक नहीं रहता था। उसे विशेष देखभाल की जरूरत पड़ती थी। अनूप ने तीन लोगों को काम पर रखा था। इनमें दो खाना बनाने वाले और एक बच्चों की देखभाल करने के लिए। सभी को हर महीने 15 हजार सैलरी देता था। पुडुचेरी जाने वाले थे अनूप और राखी पड़ोसियों के मुताबिक अनूप और राखी बच्चों को लेकर पुडुचेरी जाने की तैयारी में थे। उन लोगों ने इसकी तैयारी भी कर ली थी। रविवार को उन लोगों ने सारा सामान भी पैक कर लिया था।

## दिल्ली सीएम आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को रो पड़ीं। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी मेरे 80 साल के पिता को गाली दे रहे हैं। क्या आप चुनाव के लिए इतनी गंदी राजनीति करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस देश की राजनीति इतनी गिर सकती है। आतिशी ने कहा, मैं रमेश बिधूड़ी से कहना चाहती हूं, मेरे पिता पूरी जिंदगी शिक्षक रहे हैं। उन्होंने हजारों गरीब बच्चों को पढ़ाया है। अब उनकी उम्र 80 साल हो चुकी है और वे इतनी गंभीर



स्थिति में हैं कि बिना सहारे चल भी नहीं सकते। रमेश बिधूड़ी अब ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को गालियां देकर वोट मांग रहे हैं। दरअसल, बिधूड़ी कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार हैं। बिधूड़ी रविवार को अपने दो बयानों पर घिर गए। उन्होंने पहले कहा- दिल्ली की सड़कें मैं प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। इस पर उन्होंने माफी मांग ली। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने एक सभा में कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपना बाप बदल लिया है। वे मार्लेना से सिंह बन गई हैं। केजरीवाल बोले- भाजपा नेताओं ने बेशर्मी की हद पार की बिधूड़ी के बयान पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि, बीजेपी के नेताओं ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दीं।

## कोरोना जैसे चीनी वायरस का भारत में तीसरा केस

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी का भारत में तीसरा केस मिला है। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस का संक्रमण मिला। यह बच्चा राजस्थान का है और इलाज के लिए अहमदाबाद पहुंचा है। इससे पहले, सोमवार सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल



में की गई थी। अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे को तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उस बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरुआत में 5 दिन तक उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई जांचों में वायरस के संक्रमण का पता चला। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे रुटीन जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया कि बच्चों के सैंपल निजी अस्पताल में जांचे गए और उन्होंने सरकारी लैब में जांच नहीं कराई।

## इंडिया गेट का नाम भारत माता द्वार करने की मांग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करने की मांग की है। जमाल ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम एक चिट्ठी लिखी, जिसमें कहा है कि नाम बदलना देश के 10 हजार शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जमाल ने कहा, आपने क्रूर मुगल के नाम पर बनी औरंगजेब रोड का नाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया। इंडिया गेट पर लगी जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगाई। राजपथ का नाम कर्तव्य पथ करवाया। उसी तरह इंडिया गेट का नाम बदलकर भारत माता द्वार करवाएं। पहले विश्वयुद्ध में शहीद भारतीयों की याद में बना इंडिया गेट इंडिया गेट राजधानी दिल्ली में बना वॉर मेमोरियल है। इसे प्रथम विश्व युद्ध और अफगान युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया था। 1914-1921 के दौरान



हुए पहले विश्व युद्ध और तीसरे अफगान युद्ध में 70 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इंडिया गेट पर 13 हजार 516 सैनिकों के नाम उकेरे हुए हैं। उनमें से कई ब्रिटिश भारत के सैनिक थे। इंडिया गेट 1921 में बनना शुरू हुआ था और 1931 में पूरा हुआ। इसे ब्रिटिश आर्किटेक्ट सर एडविन लुटियंस ने डिजाइन किया था।

## बेंगलुरु इंजीनियर सुसाइड केस, पत्नी के खिलाफ एफआईआर

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** बेंगलुरु में एसआई इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड केस में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को पत्नी निकिता सिंघानिया की याचिका खारिज कर दी। निकिता के वकील ने कहा था कि शिकायत में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो ये बताता हो कि निकिता अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने में शामिल थी। निकिता के वकील की इस दलील पर जस्टिस एसआर खन्ना ने एफआईआर खारिज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में गड़बड़ी वाली जांच



का सवाल ही नहीं उठता है। आप (निकिता) जांच क्यों नहीं चाहती हैं? दरअसल, 9 दिसंबर 2024 को अतुल सुभाष ने बेंगलुरु में अपने फ्लैट में सुसाइड किया था। सुसाइड से पहले अतुल ने 1 घंटे 20 मिनट का वीडियो बनाया था। इस वायरल वीडियो में अतुल ने अपनी पत्नी निकिता पर गंभीर आरोप लगाए थे। अतुल ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था। अतुल के परिवार ने निकिता सिंघानिया और उसके परिवार पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए थे। निकिता, उसकी मां, भाई और चाचा पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## मायावती के भतीजे बोले-केजरीवाल के वादे द्रौपदी की साड़ी जैसे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल को-ऑर्डिनेटर आकाश आनंद का अरविंद केजरीवाल पर दिया बयान चर्चा में है। आकाश आनंद रविवार को दिल्ली के कोंडली में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के वादे ऐसे हैं, जैसे द्रौपदी की साड़ी। ये फेंकते जाएं और हम लपेटते जाएं। आकाश आनंद पहले नेता नहीं हैं, जिन्होंने कोई विवादित बयान दिया है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान कई नेताओं के ऐसे बयान आ रहे , जिन पर विवाद हो रहे हैं। रविवार को ही भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी के गालों जैसी सडक बनाने का बयान दिया था।



इस पर कांग्रेस ने विरोध जाहिर करते हुए कहा था- संघ की मानसिकता ऐसे ओछे नेताओं के बयान जाहिर कर देते थे।

## तमिलनाडु गवर्नर ने बिना स्पीच दिए विधानसभा से वॉकआउट किया

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाड़ के विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को सदन में हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि ने राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए अभिभाषण देने से इनकार कर दिया और सत्र बीच में ही छोड़कर विधानसभा से चले गए। इससे पहले फरवरी 2024 में भी वे ऐसा कर चुके हैं। परंपरा के अनुसार, सदन की कार्यवाही शुरू होने पर राज्य गान तमिल थाई वल्थु गाया जाता है और आखिरी में राष्ट्रगान गाया जाता है। लेकिन राज्यपाल रवि ने इस नियम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राष्ट्रगान दोनों समय गाया जाना चाहिए।राज्यपाल के इस व्यवहार पर सीएम स्टालिन ने कहा कि यह बचकाना और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन है।

जब राज्यपाल अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन नहीं कर सकते, तो वे इस पद पर क्यों बने हुए हैं। यह राज्य के लोगों का अपमान है।

राजभवन ने एक बयान में कहा, आज तमिलनाडु विधानसभा में एक बार फिर भारत के संविधान और राष्ट्रगान का अपमान किया गया। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे संविधान में निहित पहले मौलिक कर्तव्यों में से एक है।

## मोदी ने जमू रेल डिवीजन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली/श्रीनगर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जम्मू के नए रेलवे डिवीजन और तेलंगाना में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। पीएम ने ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी। पीएम ने कहा- पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक ट्रांसफॉर्मेशन का रहा है। रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर में एक विजिबल चेंज आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा- पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35त्न रेल लाइनों का इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। आज हम रेल लाइनों के शत-प्रतिशत



इलेक्ट्रिफिकेशन के करीब हैं। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं।

पीएम ने कहा- हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है। भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का मॉर्डनाइजेशन, दूसरा- रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा- रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा- रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट।

पिछले दिनों राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जम्मू कश्मीर के कई अन्य भाजपा नेताओं ने पीएमओ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनसे जम्मू रेल डिवीजन बनाने की मांग की थी।

## प्रशांत किशोर को बिना शर्त जमानत मिली

**पटना ( एजेंसी )।** जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को सिविल कोर्ट से बिना शर्त जमानत मिल गई है। वे कुछ ही देर में पटना स्थित शेखपुरा हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं। आज यानी सोमवार दोपहर 2 बजे के करीब उन्हें पटना सिविल कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। देर शाम पुलिस पीके को लेकर बेऊर जेल लेकर पहुंची। लेकिन जेल प्रशासन के पास कोर्ट का आदेश नहीं पहुंचा था। इसके बाद पीके को पुलिस बेऊर थाना लेकर गई। कुछ देर वे यहीं रहे। पीके के वकील शिवानंद गिरी ने बताया कि उन्हें बिना शर्त बेल मिली है।

कोर्ट से बेऊर जेल जाने के पहले पीके ने मीडिया से कहा कि, रुकना नहीं है, रुका तो कइयों का मन बढ़ेगा। जेल से अनशन जारी रहेगा। प्रशांत किशोर को पुलिस ने सोमवार सुबह 4 बजे गिरफ्तार किया था। वो 2 जनवरी की शाम 5 बजे से बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में आमरण अनशन पर बैठे थे। पटना सिविल कोर्ट में उनकी पेशी हुई। एसडीजेएम आरती उपाध्याय की कोर्ट से उन्हें 25 हजार के निजी मुचलके पर बेल मिली। कोर्ट में पेशी के दौरान प्रशांत किशोर ने खुद बहस की। उन्होंने जज को बताया कि किस तरीके से पुलिसिया बर्बरता की गई। कोर्ट से जमानत मिली, लेकिन प्रशांत किशोर सशर्त जमानत लेने के लिए तैयार नहीं हुए।

## सुप्रीम कोर्ट की हाईपावर कमेटी डल्लेवाल से मिली

**पटियाला ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई हाईपावर कमेटी सोमवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिली। मुलाकात के बाद कमेटी के चेयरमैन पूर्व जस्टिस नवाब सिंह ने कहा, हमने डल्लेवाल को मेडिकल सुविधा लेने के लिए निवेदन किया है। हम प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द ठीक हों। वह जब भी चाहेंगे, हम हाजिर हो जाएंगे। केंद्र से सीधा बातचीत कराने की हमारे पास अथॉरिटी नहीं है।

हम पिछले 4 महीने से किसानों से बातचीत के प्रयास में लगे हुए हैं। हमने शुरुआती इश्यू कोर्ट के सामने रखे थे। अभी तक रिपोर्ट फाइल नहीं की है। हम जल्दी रिपोर्ट पेश करेंगे। रिपोर्ट अलग-अलग फेज में होगी। इस मुद्दे पर एक नई मीटिंग होगी। कमेटी एक पॉजिटिव ब्रिज बनाएगी।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में



सुनवाई हुई। पंजाब सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पेश हुए। यहां उन्होंने दावा किया कि किसान नेता जगजीत डल्लेवाल कोर्ट की बनाई कमेटी से मिलने के लिए राजी हो गए हैं। सिब्बल ने सुनवाई कुछ समय बाद करने की अपील की। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई शुक्रवार (10 जनवरी) के लिए तय कर दी।

इससे पहले, डल्लेवाल ने कमेटी अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह को चिट्?ठी लिखकर कहा था कि उनका प्रतिनिधिमंडल 4 नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से मिला था लेकिन कमेटी को शंभू और खनौरी बॉर्डर आने का टाइम नहीं मिला। क्या वे मेरी मौत का इंतजार कर रहे थे। तब डल्लेवाल ने कहा था कि हम सिर्फ केंद्र सरकार से बात करेंगे। शनिवार को महापंचायत में 9 मिनट के संबोधन के बाद डल्लेवाल को चक्कर और उल्टियां होने लगीं। उनका ब्लड प्रेशर काफी कम गया। जिसके बाद सेहत विभाग ने एक टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं उल्टियां होने की वजह से डल्लेवाल ने अब पानी पीना भी छोड़ दिया है। उनकी सेहत काफी कमजोर हो गई है।

## अमित शाह से मिले कैप्टन अमरिंदर सिंह

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब भाजपा के सीनियर नेता और पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह कई महीनों के बाद फिर से राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिल्ली में हुई। उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि उन्होंने गृह मंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पंजाब के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह से कैप्टन अमरिंदर सिंह की मुलाकात का समय काफी अहम है। सूत्रों की मानें तो मुख्य रूप से चर्चा के तीन बिंदु रहे। एक तो राज्य में इस समय चल रहा किसान आंदोलन। जिसे एक साल पूरा होने वाला है। जगजीत सिंह दल्लेवाल करीब 42 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनकी तबीयत नाजुक है। ऐसे में उम्मीद है कि बैठक में यह मुद्दा भी उठा होगा।दूसरा अहम मुद्दा पार्टी प्रधान का है। क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद सुनील जाखड़ ने गृह मंत्री को अपना इस्तीफा भेज दिया था। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी की गतिविधियों से खुद को अलग कर लिया था। तीसरा, राज्य में एक के बाद एक लोकसभा,



पंचायत और नगर निगम चुनाव हुए हैं। अब विधानसभा चुनाव में सिर्फ दो साल बचे हैं, ऐसे में पार्टी को किस तरह आगे बढ़ना चाहिए, इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। किसान आंदोलन-2 को एक साल पूरा होने वाला है। किसानों और सरकार के बीच बातचीत शुरू होने और मसला सुलझने की बजाय और बिगड़ता जा रहा है। पिछले 42 दिनों से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भूख हड़ताल पर हैं। उनकी तबीयत बिगड़ती जा रही है।ऐसे में डल्लेवाल और किसान आंदोलन के दूसरे मसलों को सुलझाने के लिए पंजाब बीजेपी के नेता केंद्र और सरकार के बीच कड़ी बन सकते हैं। अमित शाह और कैप्टन अमरिंदर सिंह की मुलाकात को भी इसी लिहाज से देखा जा रहा है। पंजाब बीजेपी के नेता नहीं चाहते कि आंदोलन लंबा खिंचे और दूसरे राज्यों के किसानों का समर्थन मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना महाराष्ट्र

**मुम्बई ( एजेंसी )।** चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) महाराष्ट्र में हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निवेश के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि राज्य को 2024-25 में केवल छह महीने में 1.13 लाख करोड़ रुपये का एफडीआई मिला है। यह पिछले चार वर्षों में सालाना प्राप्त होने वाली राशि के लगभग बराबर है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राज्य को सितंबर 2024 में समाप्त होने वाली वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाहियों में 1,13,236 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला। राज्य को वित्त वर्ष 2020-21 में 1,19,734 करोड़ रुपये, 2021-22 में 1,14,964 करोड़ रुपये, 2022-23 में 1,18,422 करोड़ रुपये और 2023-24 में 1,25,101 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ था।

### फिर आई युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक की खबरें



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, एक बार फिर अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया, जिसके बाद तलाक की अफवाहें और तेज हो गईं। खबरों के मुताबिक, युजवेंद्र चहल ने धनश्री के साथ अपने सभी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, जबकि धनश्री ने चहल को अनफॉलो किया, लेकिन उनके साथ की तस्वीरें अभी भी उनके प्रोफाइल पर मौजूद हैं। चहल और धनश्री के करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों का तलाक लगभग तय है, और इस पर आधिकारिक घोषणा की उम्मीद है। हालांकि, दोनों के बीच अलगाव के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। यह अफवाहें पहले भी 2023 में उठी थीं, जब धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम बायो से चहल उपनाम हटा दिया था और चहल ने एक गुप्त स्टोरी में लिखा था, नया जीवन लोड हो रहा है। हालांकि, चहल ने उस समय इन अफवाहों को खारिज करते हुए प्रशंसकों से ऐसी बातें न फैलाने की अपील की थी। धनश्री और युजवेंद्र ने 11 दिसंबर, 2020 को शादी की थी। दोनों की प्रेम कहानी उस समय चर्चा में आई थी, जब लॉकडाउन के दौरान चहल ने डांस सीखने की इच्छा जताई थी, और धनश्री के डांस वीडियो देखकर उनसे संपर्क किया। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उन्होंने शादी कर ली। अब तलाक की अफवाहें एक बार फिर उनके प्रशंसकों को चौंका रही हैं। सभी को इस जोड़े के आधिकारिक बयान का इंतजार है, जो जल्द ही इस मामले पर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कजा किया

## डलयूटीसी फाइनल के खिताबी मुकाबले में भी पहुंची, भारतीय टीम बाहर हुई



**सिडनी ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 6 विकेट से हराकर पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से जीत ली है। एक दशक बाद मेजबान टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने में सफल हुई है। इसी के साथ ही जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025 के खिताबी मुकाबले में पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम बाहर हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बाहर रहने पर जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहने के कारण मैच हार गयी। मैच के तीसरे ही दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत के लिए मिले 162 रनों के लक्ष्य को चार विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी एक दशक के बाद 3-1 से जीतते हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिनप के लिए क्वालीफाई किया है। अब वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर 11 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने बुमराह के कमर दर्द के कारण बाहर होने पर 3 विकेट लिए पर वह मेजबान टीम को रोक नहीं पाये। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में ट्रेविस हेड ने 38 गेंदों में 4 चौके के बल पर नाबाद 34 रन बनाये जबकि ब्यू वेबस्टर ने 34 गेंदों में 6 चौके लगाकर नाबाद 39 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने सुबह के सत्र में तीन विकेट लिए पर छोटे लक्ष्य का बचाव वह नहीं कर पाये। मोहम्मद सिराज ने लगातार पैड पर गेंदबाजी की जिससे मेजबान टीम ने आसानी से रन बनाए। सेम कोंस्टास ने तेजी से रन बनाये पर कृष्णा की गेंद पर मिड ऑफ पर वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच हुए। कृष्णा ने इसके बाद अपनी लाइन और लेंथ से लाबुशेन को परेशान किया। को आसान कैच थमाया। स्मिथ को कृष्णा की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने कैच किया। इस तरह से कृष्णा ने सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास 22, मार्नस लाबुशेन 06 और स्टीव स्मिथ 04 को पेवेलियन भेज दिया पर बुमराह के नहीं होने से भारतीय टीम को नुकसान हुआ। नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे। भारत इससे पहले 2014 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारी थी।

उसके बाद से लगातार उसने 4 बार सीरीज अपने नाम की, जिसमें से दो बार ऑस्ट्रेलियाई मैदान पर उसने इतिहास रचा था। वहीं इससे पहले स्कॉट बोलैंड ने छह विकेट और कप्तान पैट कमिंस ने 44 रन पर तीन विकेट लेकर दूसरी पारी में भारतीय टीम को 39.5 ओवर में केवल 157 रन पर ही समेट दिया। केवल ऋषभ पंत ही 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ही 22 रन बना पाये अन्य बल्लेबाज विफल रहे। भारतीय टीम ने पहले पारी में 185 जबकि दूसरी पारी में 157 रन बनाये वहीं मेजबान टीम ने 181 और चार विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# नए साल में उतार-चढ़ाव के बाद एलन मस्क की संपित्त 437 अरब डॉलर हुई



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की संपत्ति में इस साल के पहले ही सप्ताह में बड़े उतार-चढ़ाव आए। हफ्ते की शुरुआत में उनकी नेटवर्थ में 17.7 अरब डॉलर की गिरावट आई, लेकिन शुक्रवार को उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 8.22 फीसदी की उछाल के बाद एलन मस्क की संपत्ति 22.3 अरब डॉलर बढ़कर 437 अरब डॉलर तक पहुंच गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क दुनिया के सबसे धनी इंसान हैं और उनके बराबर कोई अन्य अरबपति नहीं है। 2023 में उनकी नेटवर्थ में 203 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, 2024 की शुरुआत में संपत्ति में 4.61 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। दूसरी ओर फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट की संपत्ति में 5.22 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 169 अरब डॉलर के साथ छठे स्थान पर है। दुनिया के अन्य अमीरों में जेफ बेजोस 243 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और फेसबुक के मार्क जकरबर्ग 214 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं एशिया के सबसे अमीर इंसान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं, उनकी संपत्ति 93.1 अरब डॉलर है। वहीं, गौतम अडानी की नेटवर्थ 84 करोड़ डॉलर से घटकर 78 अरब डॉलर रह गई है। उनका दुनिया के 19वां स्थान है। एलन मस्क की नेटवर्थ में इस उछाल से यह साफ हो जाता है कि उनकी कंपनी टेस्ला का प्रदर्शन उनकी संपत्ति में बड़ा बदलाव ला सकता है। दुनिया के अन्य अरबपतियों की संपत्ति में भी अस्थिरता देखने को मिल रही है।

# जसप्रीत बुमराह की चोट पर प्रसिद्ध कृष्णा का अपडेट, डॉक्टर देख रहे....देखते हैं क्या होता



**सिडनी ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के कप्तान जसप्रीत बुमराह सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के बाद मैदान से बाहर हो गए। काफी समय तक ड्रेसिंग रूम में रहने के बाद बुमराह ड्रेनिंग किट में बाहर आते दिखाई दिए। फिर एक वीडियो आया इसमें बुमराह सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों के साथ कार में बैठते दिख रहे थे। कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें चोट है। हालांकि परेशानी क्या थी, इसके बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था। दूसरे दिन स्टंप के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा प्रेसवार्ता में आए। उन्होंने बताया कि बुमराह की पीठ में परेशानी है। प्रसिद्ध ने कहा, बुमराह की पीठ में ऐंठन है। वह स्कैन के लिए गए हैं और मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, तब देखते हैं क्या होता है। टीम को सिडनी टेस्ट की आखिरी पारी में बुमराह की जरूरत है। मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम के पास 145 रनों की बढ़त है। चौथी पारी में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को रोकने का दारोमदार बुमराह पर रहेगा। वह इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 5 मैचों की 9 पारियों में बुमराह ऑस्ट्रेलिया के 32 बल्लेबाजों का शिकार कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में चार रन की बढ़त लेने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिये। भारत की कुल बढ़त 145 रन की हो गयी है और उसके चार विकेट शेष है। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अब तक 42 रन देकर चार विकेट लिए हैं। पैट कमिंस, ब्यू वेबस्टर को एक-एक सफलता मिली है।

# देश में 2030 तक 500 अरब डॉलर तक इलेट्रॉनिस वस्तुओं का उत्पादन होगा शुरू

## भारत की वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने साल 2030 तक देश में 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्त्वावधान में विस्तृत रणनीति रिपोर्ट तैयार करने के लिए सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और कंसल्टेंसी फर्म बेन ऐंड कंपनी से सहयोग लिया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट अगले कुछ दिनों में संचार मंत्री अश्विनी वैष्णन जारी कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (जीवीसी) में भारत की भागीदारी सशक्त बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में नीति आयोग ने अध्ययन किया था। इसमें यह कहा गया था कि




यह महत्त्वाकांक्षी सपना साकार हो सकता है और इसमें कम से कम 200 अरब डॉलर निर्यात से आएंगे, जहां तैयार वस्तु और कलपुर्जे की प्रमुख भूमिका रहेगी। अध्ययन में इससे 55 से 60 लाख नौकरियां पैदा होने की भी संभावना भी है। अध्ययन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत हस्तक्षेप करने का भी सुझाव दिया गया है। अब मंत्रालय न केवल भारतीय बाजार के लिए बल्कि दुनिया भर में निर्यात के लिए पुर्जों की वृहद आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ इलेक्ट्रॉनिकी पुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को एक साथ लाने की तैयारी में है। लक्ष्य हासिल करने के लिए की गई खास चर्चा के आधार पर आने वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स के विभिन्न क्षेत्र के लिए लक्ष्य तय किए जाने की उम्मीद है, जिसमें मोबाइल डिवाइस, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सर्वर, हियरेबल्स, वेयरेबल्स और चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी शामिल हैं। चर्चा का उद्देश्य साल 2030 तक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी को 6 से 7 फीसदी तक करने का है।

# रोहित के क्रिकेट भविष्य पर मुख्य कोच गौतम गंभीर ने क्या किया इशारा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रोहित शर्मा के लिए 2024 का अंत अच्छा नहीं रहा और 2025 की शुरुआत भी कुछ ठीक नहीं रही। मेलबर्न टेस्ट में हार के ठीक बाद विश्व क्रिकेट में रोहित के टेस्ट क्रिकेट में भविष्य को लेकर अटकलें लग रही थीं और इसका संकेत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के निर्णायक मैच से मिला जब रोहित ने बाहर होने का विकल्प चुना। रोहित ने अभी तक प्रारूप में अपने भविष्य को स्पष्ट बात नहीं की है, इसलिए अटकलों ने बीसीसीआई की चयन समिति के लिए आसन्न आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नेतृत्व विकल्पों पर चर्चा करने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं।

भारत द्वारा टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित ने पिछले जून में टी20 इंटरनेशनल प्रारूप से संन्यास लिया और एक माह बाद सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी संभाली। टेस्ट क्रिकेट में जसप्रीत बुमराह ने पहले पर्थ में भारत को शानदार जीत दिलाई थी और पारंपरिक प्रारूप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार होते नजर आ रहे हैं। रोहित के भविष्य को लेकर बढ़ती अटकलों और भारतीय टीम में मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में स्पष्ट बदलाव के साथ, संकेत दिया कि बीसीसीआई पहले से ही वनडे क्रिकेट में नेतृत्व के विकल्प तलाश रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर रोहित की वनडे कप्तान के रूप में भूमिका जांच के दायरे में आती है, या चयनकर्ता 37 वर्षीय पर बोझ कम करने का फैसला करते हैं, तब हार्दिक पांड्या अगले कप्तान के रूप में उभर सकते हैं। ऑलराउंडर के पास पिछले दो वर्षों में सफेद गेंद के प्रारूपों में टीम का नेतृत्व करने का अनुभव है। रिपोर्ट में कहा गया, हार्दिक में उच्च दबाव की स्थितियों में नेतृत्व करने की क्षमता है और एक ऑलराउंडर और लीडर के रूप में उनका अनुभव उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी जैसे आईसीसी टूर्नामेंट के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। भारत काफी हद तक विभाजित कप्तानी के पक्ष में नहीं रहा है। लेकिन भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने वनडे सेट-अप में अपनी जगह पक्की नहीं की है, इसलिए यह संभावना नहीं है कि हार्दिक पांड्या को 50 ओवर के क्रिकेट में कप्तान बनाया जाएगा। रोहित की जगह लेने के लिए अन्य खिलाड़ी पंत और शुभमन गिल हो सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिल को एक परिपक्व लीडर के रूप में विकसित होने के लिए समय की आवश्यकता है, इसके बाद हार्दिक रोहित से वनडे की जिम्मेदारी संभालने के लिए सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं।



# जनवरी में 13 दिन बैंकों में नहीं होगा कामकाज हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं छुट्टियां

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी महीने की बैंक छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। बैंक की सूची के मुताबिक इस महीने बैंकों में कुल 13 दिन काम नहीं होगा। इनमें हर हफ्ते के दूसरे और चौथे शनिवार के साथ रविवार की छुट्टियां भी शामिल हैं। हालांकि छुट्टियां हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं। जनवरी में बैंक की छुट्टियों की सूची इस प्रकार है- 1 जनवरी - नया साल/लूसोंग/नामसूंग (आईजौल, चेन्नई, गंगटोक, इम्फाल, इटानगर, कोहिमा, कोलकाता, शिलॉन्ग) 2 जनवरी - लूसोंग/नामसूंग (आईजौल, गंगटोक) 5 जनवरी - रविवार- 6 जनवरी - श्री गुरु गोबिंद सिंह जयंती (चंडीगढ़) 11 जनवरी - मिशनरी दिवस/इमोइनु इरतपा (आईजौल, इम्फाल), दूसरा शनिवार 12 जनवरी - रविवार, 14 जनवरी - मकर संक्रांति/उत्तरायण/पोंगल/माघ बिहू/हजरत अली जयंती (अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इटानगर, कानपुर, लखनऊ) 15 जनवरी - तिरुवल्लुवर दिवस (चेन्नई), 16 जनवरी - उझावर थिरुनल (चेन्नई), 19 जनवरी - रविवार, 23 जनवरी - नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती/वीर सुरेंद्र साई




जयंती (भुवनेश्वर, कोलकाता) 25 जनवरी - चौथा शनिवार 26 जनवरी - रविवार, हर राज्य में बैंकों की छुट्टियां अलग होती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, हर राज्य की छुट्टियों की अपनी लिस्ट होती है। आरबीआई की वेबसाइट पर सभी राज्यों की छुट्टियों की पूरी जानकारी मिल जाती है। बैंक बंद होने पर भी ग्राहकों को कोई परेशानी नहीं होगी। छुट्टियों के दौरान आप ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल बैंक की ज्यादातर सेवाएं ऑनलाइन मिलती हैं, जिससे आप घर बैठे अपने काम आसानी से निपटा सकते हैं।

# रिलायंस जियो का आईपीओ लाने की तैयारी में मुकेश अंबानी, 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है




**मुम्बई ( एजेंसी )।** मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जल्द ही भारत का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, जियो का आईपीओ लगभग 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ ऑफर ऑफ सेल (ओएफएस) और ताजा शेयर जारी करने के साथ आएगा। रिलायंस जियो की ओर से इस आईपीओ के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। निवेश बैंकर्स का मानना है कि यह आईपीओ काफी बड़ा हो सकता है, और इसमें सब्सक्रिप्शन की कोई समस्या नहीं होगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में इसे लॉन्च करने की है। रिलायंस जियो का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है, जिससे भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच सकती है। यदि यह आईपीओ सफल होता है, तो यह पिछले साल आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। रिलायंस जियो के आईपीओ में ओएफएस कंपोनेंट का महत्वपूर्ण स्थान होगा, क्योंकि इससे मौजूदा निवेशकों को अपनी हिस्सेदारी बेचने का मौका मिलेगा।

कंपनी की वैल्यूएशन की बात करें तो कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है, जबकि कुछ सूत्रों के अनुसार कंपनी की वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर तक हो सकती है। रिलायंस जियो ने हाल ही में एनवीडिया से साझेदारी की है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं। इसके साथ ही, कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज और टेलीकॉम सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। रिलायंस जियो, जो कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है, अब 46 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर बेस के साथ भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर चुकी है।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से चार कंपनियों का मार्केट कैप 96,605.66 करोड़ घटा

## शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**मुंबई ( एजेंसी )।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 96,605.66 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई। इन में से सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण गिर गया, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में बढ़ोतरी देखी गई। इन छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 82,861.16 करोड़ रुपये बढ़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 37,025.46 करोड़ रुपये घटकर 13,37,919.84 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 29,324.55 करोड़ रुपये



घटकर 8,93,378.50 करोड़ रुपये, टीसीएस की बाजार हैसियत 24,856.26 करोड़ रुपये घटकर 14,83,144.53 करोड़ रुपये और एसबीआई का मूल्यांकन 5,399.39 करोड़ रुपये घटकर 7,08,168.60 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 41,138.41 करोड़ रुपये बढ़कर 16,93,373.48 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 15,331.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,65,194.18 करोड़ रुपये, एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 13,282.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,689.29 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,031.19 करोड़ रुपये बढ़कर 8,04,834.34 करोड़ रुपये, आईटीसी का मूल्यांकन 3,878.63 करोड़ रुपये बढ़कर 6,03,064.44 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 199.36 करोड़ रुपये बढ़कर 9,10,934.58 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# जन कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें : कलेक्टर

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सतना टीम के अधिकारियों द्वारा विगत वर्ष में लोकसभा चुनाव, महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं अभियानों में टीम भावना के साथ बेहतर कार्य किया है। अब नये वर्ष में नई स्फूर्ति और ऊर्जा के साथ पूर्व से भी बेहतर कार्य करें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की संपन्न बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन जन कल्याण अभियान सहित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित एसडीएम, सीईओ जनपद, सीएमओ नगरीय निकाय तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि प्रयास करें कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग ए-श्रेणी में रहे। सभी शिकायतों की समय-सीमा होती है और किसी भी शिकायत को अनावश्यक लंबित नहीं रखे। जिस शिकायत में नियमानुसार कार्यवाही हो सकती है। उनमें प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही समय पर करें। इसी प्रकार नियमानुसार कार्यवाही नहीं हो सकने वाले आवेदन अथवा अपात्र होने से प्रकरण को क्लोज करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक की शिकायतों को अधिकारी व्यक्तिगत रूप से देखें और निराकृत करें। ऐसी कोई शिकायत नहीं लंबित रहे जिसका निराकरण किया जा सकता हो। कलेक्टर ने कहा कि जिला ए-ग्रेड से नीचे नहीं रहे। इसके लिए नये साल में नई ऊर्जा और नई स्ट्रेटजी के आधार पर अतिरिक्त प्रयास करें। दिसम्बर माह की 4419 शिकायतें लंबित हैं। अभी ग्रेडिंग के लिए 13 दिवस का समय है। इसी प्रकार 50 दिवस से ऊपर की 7500 शिकायतें है। सीएम हेल्पलाइन में एक हजार दिवस की 69 शिकायतें है। विभाग प्रमुख अधिकारी आवेदनों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर समस्या के आवेदनों का निराकरण कराये।

सीपी ग्राम की शिकायतें भी बढकर 134 हो गई है। इनका भी प्राथमिकता से निराकरण करायें। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत लग रहे शिविरों और प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आवेदनों की संख्या बढायें और प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण करें। आवेदनों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन की रिपोर्ट भी शेयर करें। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान किये गये कार्य पोर्टल पर प्रदर्शित भी होने चाहिए। बैठक में खसरे के आधार लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शे का बटांकन, स्वामित्व योजना, खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण, जल निगम के कार्य सहित धरती आबा अभियान की समीक्षा भी की गई।

धरती आबा अभियान के प्रस्तुतिकरण में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने बताया कि जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य के ग्राम जहां 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या है। उन गांवों को धरती आबा अभियान में शामिल किया गया है। इसमें रामपुर बघेलान जनपद के 122 गांव, मझगवां के 144, उचेहरा के 12, नागौद के 5, सोहावल के 3 गांव शामिल है। इन गांवों में हितग्राहियों का सर्वे कार्य जारी है। जिनमें से 26 हजार 108 हितग्राही का डेटा संकलित किया गया है। रामपुर बघेलान और मझगवां केन्द्र शासन की ओर से आकांक्षी विकासखण्ड चयनित है इसलिए अभियान में वहां के गांव अधिक संख्या में शामिल किये गये हैं।

# नर्सिंग कॉलेज की कॉउंसलिंग प्रक्रिया समय-सीमा में करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नर्सिंग कॉलेजों की कॉउंसलिंग प्रक्रिया एवं मान्यता से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित समय-सीमा के भीतर समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**एचएमपीवी वायरस की स्थिति पर रखें सतत निगरानी:** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन से संबंधित प्रस्ताव को तैयार कर कैबिनेट अनुमोदन के लिए शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एचएमपीवी वायरस की वर्तमान स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप सतत निगरानी रखने और आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की तैयारी रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार हेतु अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी और संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) मनोज सरियाम उपस्थित रहे।

## सेवा निवृत्त हुए श्रीकांत तिवारी को कार्यालय परिवार ने दी विदाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सतना के कार्यालय में कार्यरत टेलीकॉम टेक्नीशियन श्रीकांत तिवारी 35 वर्ष की शासकीय सेवा कर सेवा निवृत्त हो गये। बीएसएनएल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर श्रीकांत तिवारी को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर महाप्रबंधक दीपकृष्ण मिश्र, डी. एस. पैंकरा, स्वदेश सिंह, अरविंद तिवारी, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, एसडी अभिनव तिवारी सहित अन्य कर्मचारी एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत तिवारी को शाल-श्रीफल, और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम में बीएसएनएल सतना के प्रचालन प्रमुख डी. एस. पैंकरा ने उनके कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा कि श्रीकांत तिवारी जैसे कर्मठ और प्रतिबद्ध अधिकारी का सेवानिवृत्त होने से उनकी कमी संस्थान में महसूस होगी। लेकिन हम उनकी सेवाओं के लिए सदैव आभारी रहेंगे।

## कलेक्टर मैहर पहुंची सुलखमां

### हस्तशिल्प की मार्केटिंग की व्यवस्था करने के दिये निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड जिले के विकासखण्ड रामनगर के भ्रमण के दौरान दूरस्थ ग्राम पंचायत सुलखमां पहुंची। ग्राम के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सुलखमां में पीढी दर पीढी चले आ रहे चरखे से सूत कताई कार्य को मौके पर देखा। उन्होंने हाथकरघा के कार्य में लगे हितग्राहियों से बातचीत भी की। कलेक्टर रानी बाटड ने स्व उपयोग के लिए खादी के वस्त्र भी खरीदे तथा राशि भुगतान कर लोकल फार वोकल को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान हस्तशिल्प और खादी की मार्केटिंग के लिए मैहर देवी जी रोड पर फारेस्ट रेस्ट हाउस के पास प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए अधिकारियों को स्थल निर्धारित करने के निर्देश भी दिये। एसडीएम रामनगर डॉ. आरती सिंह भी इस दौरान उपस्थित रही।

# विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन आज रामपुर बघेलान में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार एवं एल्मिको जबलपुर के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के औपचारिक पहचान एवं चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको) जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया जाना है। सतना जिले में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बघेलान में 7 जनवरी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से मूल्यांकन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के सफल क्रियान्वयन/संचालन हेतु जिला/विकासखण्ड स्तरीय लोक सेवकों को दायित्व सौंपें गये है। जिसके अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 4 चिकित्सा विशेषज्ञों अस्थि रोग, नेत्र रोग, नाक, कान गला रोग, मनोवैज्ञानिक अथवा अन्य विशेषज्ञ को नियुक्त कर शिविर में उपस्थित सीडब्ल्यूएसएन बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करेंगे।

उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति/निःशक्त पेंशन संबंधी यूडीआईडी से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं शिविर स्थल पर पूर्ण करने, जिला शिक्षा अधिकारी को शिविर में सभी संकुल प्राचार्यो एवं प्रधानाध्यापक को निर्देशित कर विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति शिविर में सुनिश्चित करायें तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को शिविर में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के निर्देश जारी करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत लोकसेवकों को निर्देशित करें कि शिविर दिनांक को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिविर में उपस्थित होने हेतु सूचित करें एवं शिविर में उपस्थित कराने के लिए सहयोग प्रदान करें। जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सतना शिविर में सीडब्ल्यूएसएन मूल्यांकन शिविर में जिला परियोजना समन्वयक नोडल अधिकारी होंगे। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समस्त जनपद शिक्षा केन्द्र जिला मैहर सीडब्ल्यूएसएन बच्चो के मूल्यांकन शिविर में बच्चों को आधारकार्ड, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, अध्ययनरत कक्षा का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दो फोटो के साथ उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे।

## मधुसूदन मंडल का एमएस दवाखाना, स्वास्थ्य नियमों की अनदेखी का मामला




**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सरलानगर में संचालित एम.एस दवाखाना इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मधुसूदन मंडल द्वारा संचालित इस दवाखाने की वैधता और चिकित्सा योग्यता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह दवाखाना बिना किसी अधिकृत लाइसेंस और डिग्री के पिछले दो-तीन वर्षों से चल रहा है।

**स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया:** सरलानगर निवासी आशीष पटेल ने बताया कि, "मधुसूदन मंडल हर बीमारी का इलाज करता है, चाहे अन्य डॉक्टर मना कर दें। इसके बावजूद इलाज के परिणाम कई बार गंभीर हो जाते हैं।" सूत्रों के अनुसार, इस दवाखाने के इलाज से जुड़े कई नकारात्मक परिणाम सामने आ चुके हैं, जिनका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ा है।

**स्वास्थ्य विभाग से दस्तावेज़ जांच की मांग:** स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से मधुसूदन मंडल के डिग्री और लाइसेंस की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का आरोप है कि विभागीय अनदेखी के कारण ही इस प्रकार के अवैध दवाखाने फल-फूल रहे हैं।

**प्रशासन की लापरवाही और संभावित खतरे:** ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे अवैध दवाखानों का संचालन स्वास्थ्य विभाग की विफलता को उजागर करता है। घटनाएं घटने के बाद ही विभाग सक्रिय होता है, जिससे पहले कई मरीजों की जान जोखिम में पड़ती है। सरकार और विभाग को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर, अवैध चिकित्सा प्रथाओं को रोकने और ग्रामीण जनता को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**खंड चिकित्सा अधिकारी का बयान:** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयूष पांडे ने कहा, "मैं फिलहाल सरकारी आदेश के तहत भोपाल में प्रशिक्षण पर हूं। अगले सप्ताह लौटने के बाद मामले की गहन जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।"

# शुरू होने से पहले खंडहर हुआ हाट बाजार

### शटर टूट गए और दुकानों की हालत खराब, अफसरों के स्थल चयन पर उठ रहे सवाल



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सतना में सवा 6 करोड़ रुपए की लागत से हाट बाजार बनाया गया था। इसका मकसद था कि पंचायतों को राजस्व के मामले में आत्मनिर्भर बनाना। गांव में बाजार उपलब्ध कराकर पंचायतों की आय बढ़ाई जाए।

लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। हाट बाजार अब खंडहर सा नजर आने लगा है। बाजार के लिए जिम्मेदार अफसरों द्वारा किये गए स्थल चयन भी इसके लिए बराबर का दोषी साबित हो रहा है।

जिले में करीब पचास से अधिक पंचायतों में 2013-14 में मुख्यमंत्री हाट बाजार स्वीकृत कर दिए गए। बाजार के लिए अधिकांश पंचायतों को पहली किश्त के तौर पर 5 से साढ़े 7 लाख रुपए जारी भी कर दिए गए। इस योजना में अफसरों ने ऐसे स्थलों का चयन कर लिया जहां पर हाट बाजार का ढांचा तो बन गया, लेकिन वहां बाजार का संचालन करना आसान नहीं था। दरअसल, आबादी से डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर बने हाट बाजार आज तक शुरू ही नही हो पाए। जिले में लगभग 37 हाट बाजार बनकर तैयार हैं। लेकिन उपयोग कितनों का हो रहा है ये गौर करने वाली बातहै। स्थानीय लोगो का कहना है कि इतनी दूर बाजार करने आखिर कौन जाएगा?

**अधिकारी बोले- जानकारी नहीं:** जिले की जनपद रैगांव के शिवपुर के हाट बाजार के हाल बेहाल नजर आए। हॉट बाजार के शटर टूटे हुए मिले। सोहावल विकासखंड में करीब 15 बाजार स्वीकृत हैं। जिसमें से अधिकांश पूर्ण हो चुके हैं। लेकिन वहां पर कोई भी गतिविधि संचालित नहीं है। इस पूरे मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। जहां भी है बाजार बने हुए हैं। वहां के सरपंचों से बात करेंगे की हॉट बाजार आखिर चालू क्यो नही है?

## शाम से ही कोहरा छाया, विजिबिलिटी 20 मीटर, दिनभर नहीं निकली धूप, न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** सतना में भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट को शाम 5 बजे से ही घने कोहरे ने अपनी आगोश में ले लिया है। अंधेरा सा छाया हुआ है। धुंध के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर के आसपास ही है।

**वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ी:** सोमवार को सतना समेत चित्रकूट इलाके में पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। शीतलहर के बीच शाम को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। घने कोहरे की चादर ओढ़े पहाड़ी इलाके में वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी है। ग्रामीण इलाकों में शाम से ही लोग अपने घरों में कैद हो गए। भीषण ठंड से बचने अलाव का सहारा लिया जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक रात 9 बजे तक मझगवां और चित्रकूट के तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी।

## शराब की दुकान में कस्टमर की पिटाई का वीडियों

# सेल्समैन ने लिए ज्यादा रुपए, ग्राहक ने विरोध किया तो गुर्गों ने धुना



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** जिले के कोठी कस्बे में रविवार देर रात शराब दुकान में बवाल हो गया। शराब दुकान के गुर्गों ने कस्टमरों की लाठी-डंडों से जमकर धुनाई कर दी। पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। घटना की शिकायत कोठी थाने में की गई है।

पुलिस के मुताबिक सूर्यप्रताप सिंह निवासी कोठी रविवार की रात लगभग 11 बजे सतना रोड स्थित शराब दुकान पहुंचा। जहां शराब की कीमत को लेकर सेल्समैन से उसका विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा की दुकान के गुर्गे लाठी डंडे लेकर बाहर निकले और सूर्यप्रताप की पिटाई करने लगे।

दुकान में खड़े अन्य कस्टमर ने बीच-बचाव कर मामला शांत किया। सूर्यप्रताप ने रात में ही कोठी थाने में आरोपियों के विरुद्ध लिखित शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सतना और मैहर के 1950 मतदान केन्द्रों में हुआ फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

## सात विधानसभा क्षेत्रों में 32398 नये मतदाता जुडे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 6 जनवरी 2025 को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन सतना और मैहर जिले के सभी 1950 मतदान केन्द्रों के अलावा अन्य विहित स्थानों पर किया गया। अंतिम प्रकाशन के अनुसार सात विधानसभा क्षेत्रों में 32 हजार 398 मतदाताओं के नाम जोडे गये है। मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 17 लाख 3 हजार 875 से बढकर अब 17 लाख 31 हजार 151 हो गई है। पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में जेण्डर रेशियों में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जेण्डर रेशियों 4.08 बढकर 910.27 के स्थान पर 914.35 हो गया है। इस आशय की जानकारी सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न राजनैतिक दलों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम एलआर जांगडे, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी सहित राजनैतिक दलों प्रतिनिधियों में साबिर खान, विनोद अग्रवाल, डॉ अमित सिंह, लखन लाल साहू, विनय श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बताया कि सतना और मैहर जिले के कुल 1950 मतदान केन्द्रों में सात विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अब 17 लाख 31 हजार 151 मतदाता शामिल हैं। इनमें 9 लाख 4 हजार 296 पुरूष, 8 लाख 26 हजार 845 महिला तथा 10 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान 32 हजार 398 नये मतदाता जोडे गये हैं। जिनमें 18-19 वर्ष आयु के 13 हजार 993 मतदाता शामिल है। पुनरीक्षण के पश्चात मतदाता सूची के जेण्डर रेशियों में भी व्यापक सुधार हुआ है। अब जेण्डर रेशियों 4.08 बढकर 914.35 हो गया है। जिसमें चित्रकूट विधानसभा में 3.47, रैगांव में 4.22, सतना में 3.23, मैहर में 3.27, अमरपाटन में 4.51 और रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 6.68 जेण्डर रेशियों की वृद्धि हुई है। जिले का ईपी रेशिओं भी 64.16 से 0.44 बढकर अब 64.60 हो गया है।

मतदाता सूची में दर्ज पीडब्ल्यूडी एवं 80 प्लस मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। पूर्व के पीडब्ल्यूडी वोटर्स 20 हजार 595 से बढकर 21 हजार 119 और 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता 22 हजार 744 से बढकर 25 हजार 642 हो गये हैं।

फोटोयुक्त मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद आयु वर्ग के हिसाब से मतदाताओं की संख्या में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 37 हजार 391 मतदाता, 20-29 वर्ष आयु वर्ग में 4 लाख 13 हजार 637 मतदाता, 30 से 39 वर्ष आयु वर्ग में 4 लाख 62 हजार 557 मतदाता, 40-49 आयु वर्ग में 3 लाख 37 हजार 247 मतदाता, 50-59 आयु वर्ग में 2 लाख 40 हजार 845 मतदाता, 60-69 आयु वर्ग में 1 लाख 41 हजार 580 मतदाता, 70-79 आयु वर्ग में 72 हजार 252 मतदाता, 80-89 आयु वर्ग में 22 हजार 248 मतदाता, 90-99 आयु वर्ग में 3234 मतदाता और 100-109 वर्ष आयु वर्ग में 159 मतदाता शामिल है।

## स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में भ्रष्टाचार, निर्माण के साथ गिराने की तैयारी में ठेकेदार वीडियो हुआ वायरल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में भ्रष्टाचार का स्तर अपने चरम पर पहुंच गया है। ककरा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से सनसनी फैल गई है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि भवन का कॉलम घटिया सामग्री से खड़ा किया गया है, जिसमें डस्ट और 60द्वद्व गिट्टी का उपयोग किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जांच और ठेकेदार पर कार्यवाही की गुहार लगाई है।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने शासकीय निर्माण मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। इतना ही नहीं, काम पर लगे मिस्त्री और मजदूरों को शासकीय दरों के अनुसार मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा।सरकार की ओर से लाखों रुपये की लागत से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यह स्वास्थ्य केंद्र बनाया जा रहा है।

## नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के समस्त विद्यालय प्रात : 10 बजे से होंगे संचालित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में गिरावट होने के कारण जिले अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन करते हुए प्रातः 10 बजे नियत किया गया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।